कार्यक्रम में नामांकित छात्रों को पर्याप्त मात्रा में वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है, जिसमें शिक्षा प्राप्त करने और रहने का व्यय शामिल है। संस्था में अत्याधुनिक पुस्तकालय, कम्प्यूटिंग और संकाय संसाधन उपलब्ध हैं। संस्था में कुछ छात्रों को प्रसिद्ध अन्तराष्ट्रीय संकायों के मार्गदर्शन में कार्य करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

छात्र निम्नलिखित क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए (जिसे नॉलेज डोमेन कहा जाता है) आवेदन कर सकते हैं:

- बिजनेस इकोनोमिक्स
- फाइनेंस
- ओबी एंड एचआरएम
- इनफार्मेशन सिस्टम्स
- मार्केटिंग
- ओएम एंड डिसीजन साइंसेज
- स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट
- पब्लिक पालिसी एंड गर्वनेन्स
- न्यूरो मैनेजमेंट
- बिजनेस एनालिटिक्स
- इन्डियन मैनेजमेंट

योग्यता

आईआईएम राँची द्वारा संचालित एफपीएम कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने के लिए एक उम्मीदवार के पास निम्नलिखित योग्यताएं होनी चाहिए:

- एआईसीटीई / एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातकोत्तर में डिग्री न्यूनतम 60% अंकों के साथ या समकक्ष ग्रेड बिंदु होनी चाहिए, साथ ही छात्र को उच्चतर माध्यमिक शिक्षा (10+2) पास करने के बाद, स्नातक की परीक्षा 50% अंकों के साथ उतीर्ण या समकक्ष ग्रेड पोइन्ट प्राप्त किया होना चाहिए। वैसे छात्र जिनके पास स्टेटिस्टिक्स, साइकोलॉजी, न्यूरो साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी, लिंग्विस्टिक्स में एमए / एम.एससी. / एम.फिल की डिग्री हो, वे भी आवेदन कर सकते हैं, **या**
- उच्चतर, माध्यमिक शिक्षा (10+2) करने के बाद किसी भी बिषय में पंचवर्षीय एकीकृत मास्टर्स डिग्री कम से कम 60% अंकों के साथ किया हो वे भी आवेदन कर सकते हैं, **या**
- एक प्रोफेशनल क्वालिफिकेशन जैसे सीए, आईसीडब्ल्यूए, सीएस की परीक्षा न्यूनतम 60% अंकों से पास करने के बाद, **या**
- चार-वर्षीय 8 सेमेस्टर वाले स्नातक की डिग्री (बी.ई./बी.टेक./बी.आर्च.आदि) की परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड बिंदु प्राप्त करने के बाद प्रवेश लिया जा सकता है। वे छात्र, जो अपने कोर्स के अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं।

चयन

आईआईएम के सभी पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के छात्रों को छोड़कर, एफपीएम के लिए आवेदन कर रहे सभी उम्मीदवारों को कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) या कैट के स्थान पर कोई अन्य समकक्ष परीक्षा जैसे कि जीएमएटी/ जीएटीई में शामिल होना आवश्यक है। एनआरआई और विदेशी छात्रों के लिए यह जाँच परीक्षा, जिसे ग्रेजुएट मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (जीएमएटी) है।

कैट या उसके स्थान पर अन्य समकक्ष परीक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन, शैक्षणिक पृष्ठभूमि, और अनुभव के आधार पर अंतिम रूप से चयनित करने के लिए उन्हें फरवरी-मई 2012 में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

आईआईएम और अन्य चयनित संस्थाओं के पीजीपी को उनके पीजीडीएम में शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर एफपीएम के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश देने पर विचार किया जाएगा। यह छूट प्रथम वर्ष के कोर्स के लिए पूर्ण छूट हो सकती है, या एफपीएम कमिटी के निर्णय के आलोक में यह कोर्स के लिए आंशिक छूट भी हो सकती है। इस सम्बन्ध में एफपीएम कमिटी का निर्णय अंतिम होगा।

मापदंड

एक संभावित एफपीएम उम्मीदवार, जो साक्षात्कार के लिए आमंत्रण पत्र प्राप्त करने का अभिलाषी है, उससे निम्नलिखित मानक जाँच परीक्षाओं में निम्न प्रकार से न्यूनतम स्कोर या प्रतिशत प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है।

आईआईएम के पीजीडीएम के छात्रों के अतिरिक्त अन्य सभी उम्मीदवारों को

सीएटी 2011	- आईआईएम द्वारा आयोजित
न्यूनतम कुल स्कोर का प्रतिशतक	- 85
जीएमएटी (2009 और इसके बाद का)	- जीएमएसी द्वारा आयोजित
न्यूनतम कुल स्कोर	- 600 (अधिकतम संभावित 800 के स्कोर पर)
जीएटीई (2010 और इसके के बाद का)	- आईआईटी - आईआईएस से द्वारा आयोजित
न्यूनतम कुल स्कोर	- 675 (अधिकतम संभावित 1000 के स्कोर पर)

आईआईएम से पीजीडीएम

पीजीडीएम के दौरान 4.00 (या 4.33) के स्केल या समतुल्य स्केल पर न्यूनतम 2.55 सीजीपीए

सुविधाएँ, छात्रवृत्ति और व्यय

आईआईएम राँची (आईआईएमआर) के पास पुस्तकालय, कम्प्यूटिंग और संकाय संसाधन की श्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध है।

आईआईएमआर एक सम्पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जो रहने और अध्ययन के सभी व्यय को कवर करता है। फेलो कार्यक्रम में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान की जायेंगी :

- चार वर्षों के लिए वित्तीय सहायता। अतिविशिष्ट परिस्थितियों में यह सहयोग अतिरिक्त 6 माह के लिए बढ़ाया जा सकता है। लेकिन, वित्तीय सहयोग को एक वर्ष कम कर दिया जाएगा यदि उम्मीदवार सीधे प्रोग्राम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेता है।
- ट्यूशन शुल्क में छूट
- कैम्पस में अविवाहित और विवाहित दोनों प्रकार के छात्रों के लिए किराया मुक्त आवासीय सुविधा
- प्रथम दो वर्षों के लिए 30,000 रूपये प्रति माह की दर से निर्वाह भत्ता।
- दूसरे वर्ष में कोम्प्रेहेंसिव परीक्षा में उतीर्ण होने के बाद, मासिक भत्ते को बाकी अवधि के लिए बढ़ाकर 35,000 रूपये प्रति माह कर दिया जायेगा।
- पुस्तकों और स्टेशनरी आदि के खरीद के लिए आकस्मिक भत्ता के रूप में 25,000 रूपये प्रतिवर्ष चार वर्षों तक प्रदान किया जायेगा।
- प्रथम वर्ष में कम्प्यूटर और अन्य सहायक सामग्री की खरीद के लिए 50,000 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।
- फेलो कार्यक्रम की सम्पूर्ण अवधि में चार राष्ट्रीय (डोमेस्टिक) और एक अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनों में अनुसंधान पेपर प्रस्तुत करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।
- टीए/आरए के रूप में 1 सत्र के अनिवार्य कार्य के लिए

एफपीएम के प्रतिभागियों को सभी उपयोग की जाने वाली सामग्रियों, जिसमें स्टेशनरी, हॉस्टल में उपयोग करने वाले सामग्रियों का शुल्क, रहने का किराया आदि शामिल है, उसका भुगतान करना होगा।

बेयरफुट मेनेजर प्रोग्राम

जिस क्षेत्र में हम अपनी संस्था का संचालन करते हैं, उसके विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपनी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी को पहचानते हुए, आईआईएम राँची एक महत्वकांक्षी और नवीन सामाजिक परियोजना "दि बेयरफुट मेनेजर प्रोग्राम" शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य कम शिक्षित और कम-आय वाले लोगों के बीच शैक्षणिक कार्यक्रमों और आधुनिक मल्टीमीडिया साधनों के माध्यम से बाजारवाद और उद्यमी साक्षरता को प्रोत्साहित करना है, ताकि यह उनके जीविकोपार्जन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करे और इस प्रक्रिया के द्वारा उन्हें निर्धनता के दुश्चक्र से बाहर निकलने में सहायता करे। यह कार्यक्रम ग्रामीण निर्धनों की कमियों (न्यूनतम साक्षरता, कम-आय) और शक्तियों (सामाजिक कौशलों) दोनों को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यक्रम का निर्धारण करेगा।

झारखण्ड सरकार के सहयोग से आईआईएम राँची का उद्देश्य इस कार्यक्रम को झारखण्ड राज्य के गांवों और कस्बों तक पहुँचाना है, और इसे विविध तरीकों से आगे बढ़ाना है, जिसमें प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने से लेकर स्व-शासित वीडियो पर आधारित शिक्षा का निर्माण करना शामिल है। निर्मित वीडियो और सहयोग सामग्रियों जैसे चित्रयुक्त हैण्डआउट्स और इस उद्देश्य के लिए तैयार की गई वस्तुओं का समन्वय सामुदायिक केन्द्रों पर समन्वयकों के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम को जुलाई 2012 से आरम्भ किये जाने की योजना है।

प्रवेश

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) : 2011-13

सांख्यिकी

अंतिम रूप से नामांकन के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया का आयोजन आईआईएम राँची ने अन्य नए आईआईएम (राँची, रोहतक, रायपुर, त्रिची, काशीपुर, उदयपुर) के सहयोग से पांच विभिन्न केन्द्रों पर किया। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, बंगलौर और राँची के केन्द्रों पर प्रतिभागियों ने साक्षात्कार में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

वर्ष 2011-13 के पीजीडीएम बैच के लिए, लगभग 1,62,519 प्रतिभागियों ने आवेदन किया था, जिसमें से कुल 1422 छात्रों को साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध किया गया। संयोग से सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए सीएटी का कटऑफ 99.61 प्रतिशत था, जो सभी आईआईएम में सर्वाधिक था। आखिकार, कुल 68 छात्रों ने संस्था में प्रवेश लिया।

(1) शार्टलिस्ट करने के उद्देश्य से निम्नलिखित सम्पूर्ण "कट ऑफ स्कोर तालिका" को लागू किया गया थाः

Category	Quantitative Ability		Data Interpretation & LR		Verbal Ability		Aggregate		SSC	HSC
	Score	Percentile	Score	Percentile	Score	Percentile	Score	Percentile		
Open	62	80.42	58	77.31	56	75.70	283	99.61	60%	60%
OBC-NC	53	71.14	52	70.26	52	70.96	223	95.00	60%	60%
SC	47	64.00	47	53.69	47	64.31	183	85.29	50%	50%
ST	42	57.54	43	57.70	43	58.18	147	70.19	50%	50%
DA	43	58.94	44	59.33	41	55.48	158	75.44	55%	55%

(2) सामान्य श्रेणी और एनसी-ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार, जिन्होंने या तो 10वीं या 12वीं या दोनों की परीक्षा में 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किया उन्हें साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट नहीं किया गया, इसके बावजूद कि उन्होंने सम्बंधित सीएटी कटऑफ अंक प्राप्त किया था।

(3) एससी और एसटी श्रेणी के उम्मीदवार, जिन्होंने या तो 10वीं या 12वीं या दोनों की परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किया उन्हें साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट नहीं किया गया, इसके बावजूद कि उन्होंने सम्बंधित सीएटी कटऑफ अंक प्राप्त किया था।

(4) पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवार, जिन्होंने या तो 10वीं या 12वीं या दोनों की परीक्षा में 55% से कम अंक प्राप्त किया उन्हें साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट नहीं किया गया, इसके बावजूद कि उन्होंने सम्बंधित सीएटी कटऑफ अंक प्राप्त किया था।

(5) कोई भी उम्मीदवार जो सीएटी 2010 में 99.9 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करता है, तो उसे शार्टलिस्ट किया जायेगा, चाहे वह सीएटी चयन के लिए आवश्यक अनुभागीय स्कोर या 10वीं या 12वीं प्राप्त करने में असफल रहता है।

(6) कोई भी उम्मीदवार जो सीएटी 2010 के किसी भी खंड में 100 प्रतिशत या कुल मिलाकर 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है, तो उसे शार्टलिस्ट किया जायेगा, चाहे वह सीएटी चयन के लिए आवश्यक अनुभागीय स्कोर प्राप्त करने में असफल रहता है।

प्रवेश के सम्बन्ध में सूचना

श्रेणी	साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों की संख्या	साक्षात्कार में शामिल हुए उम्मीदवारों की संख्या	दिए गए ऑफर की संख्या	स्वीकृत संख्या	ज्वाइन करने वालों की संख्या	वापस जाने वालों की संख्या	दिनांक 10-07-2011 को अध्ययन कर रहे छात्रों की संख्या
सामान्य	609	358	297	64	39	25	39
एनसी-ओबीसी	400	270	270	35	17	18	17
एससी	255	157	157	20	11	09	11
एसटी	107	47	47	02	00	02	00
पीडब्ल्यूडी	51	33	33	02	01	01	01
कुल	1422	865	804	123	68	55	68

2011-13 बैच

शामिल हुए छात्रों की संख्या	68	छोड़ने वाले छात्रों की संख्या	2

उम्मीदवारों के डोमेन के अनुसार आंकड़े

		उम्मीदवारों की संख्या		
क्रं. सं.	डोमेन	पुरूष	महिला	कुल
1	कृषि	1	0	1
2	कॉमर्स - इकोनॉमिक्स (अर्थशास्त्र) एकाउंटेंसी, ऑडिटिंग, बिजनेस मैथमेटिक्स, बिजनेस आर्गेनाईजेशन, इकोनॉमिक्स, इकनोमिक डेवलपमेंट एंड प्लानिंग, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक फाइनेंस (वित्त), सेक्रेटेरियल प्रैक्टिसेज, आदि	0	0	0
3	बी.ई./बी.टेक	61	0	61
4	प्रबंधन			
	व्यवसाय प्रशासन, व्यवसाय प्रबंधन, व्यवसाय अध्ययन, प्रबंधन अध्ययन (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनस स्टडीज, मैनेजमेंट स्टडीज)	2	0	2
5	मेडिसीन/डेंटिस्ट्री	1	0	1
6	फार्माकोलॉजी/फार्मेसी	1	0	1
7	विज्ञानः रसायनशास्त्र/भौतिकी/गणित/सांख्यिकी	2	0	2
कुल		68	0	68
			इंजिनियर	61
			नॉन- इंजिनियर	7

बैच के महत्वपूर्ण तथ्य

राज्य/केन्द्रशासित प्रदेशों के अनुसार उम्मीदवारों के आंकडें

क्रं सं	राज्य	उम्मीदवारों की संख्या			जोन
		पुरूष	महिलाएं	कुल	
1	आंध्र प्रदेश	6		6	द
2	अरूणाचल प्रदेश	0		0	द
3	असम	1		1	पू
4	बिहार	1		1	पू
5	छत्तीसगढ़	3		3	सी
6	गोवा	0		0	प
7	गुजरात	1		1	प
8	हरियाणा	5		5	उ
9	हिमाचल प्रदेश	1		1	उ
10	जम्मू और कश्मीर	0		0	उ
11	झारखण्ड	6		6	पू
12	कर्नाटक	6		6	द
13	केरल	1		1	द
14	मध्य प्रदेश	4		4	C
15	महाराष्ट्र	7		7	प
16	मणिपुर	0		0	पू
17	मेघालय	0		0	पू
18	मिजोरम	0		0	iw
19	नागालैंड	0		0	पू
20	ओड़िसा	1		1	पू
21	पंजाब	2		2	उ
22	राजस्थान	2		2	प
23	सिक्किम	0		0	पू
24	तमिलनाडु	4		4	द
25	त्रिपुरा	0		0	पू
26	उत्तर प्रदेश	7		7	पू
27	उत्तराखंड	2		2	उ
28	पश्चिम बंगाल	5		5	पू

बैच के महत्वपूर्ण तथ्य

राज्य/केन्द्रशासित प्रदेशों के अनुसार उम्मीदवारों के आंकडें					
क्रं सं	राज्य	उम्मीदवारों की संख्या			जोन
		पुरूष	महिलाएं	कुल	
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0		0	पू
2	चंडीगढ़	0		0	उ
3	दादर और नागर हवेली	0		0	प
4	दमन और दियू	0		0	प
5	लक्षद्वीप	0		0	प
6	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	3		3	उ
7	पुडुचेरी	0		0	द
		68	0	68	

झारखण्ड अन्य	6 62	प्रतिशत	
पूर्वी जोन	14	20.59	21%
केन्द्रीय जोन	7	10.29	10%
पश्चिमी जोन	10	14.71	15%
उत्तरी जोन	20	29.41	29%
दक्षिणी जोन	17	25.00	25%

उम्मीदवारों की संख्या माह

क्रं सं	अवधि	उम्मीदवारों की संख्या
1	> 6 माह	35
2	6-12 माह	6
3	13-24 माह	12
4	25-36 माह	10
5	37-48 माह	3
6	49-60 माह	0
7	> 60 माह	2



औसत सीएटी स्कोरः	
जीएन	99.75
एनसीओबीसी	96.55
एससी	89.20
पीडब्ल्यूडी	78.48



शुल्क संरचना

क्र.सं.	विवरण	1ला सत्र	2रा सत्र	3रा सत्र	कुल (रूपये)
1	ट्यूशन शुल्क	99,000.00	99,000.00	99,000.00	297,000.00
2	अध्ययन सामग्री	24,000.00	24,000.00	24,000.00	72,000.00
3	कंप्यूटर शुल्क	13,000.00	13,000.00	13,000.00	39,000.00
4	पुस्तकालय शुल्क	8,000.00	8,000.00	8,000.00	24,000.00
5	कमरे का किराया	6,000.00	6,000.00	6,000.00	18,000.00
6	जमानत की राशि*	10,000.00	.	.	10,000.00
7	मेस के लिए जमानत राशि	10,000.00	-	-	10,000.00
	कुल	**170,000.00**	**150,000.00**	**150,000.00**	**470,000.00**
	बिना जमानत राशि के				**450,000.00**
	*वापसी योग्य				

क्र.सं.	विवरण	4था सत्र	5वां सत्र	6ठा सत्र	कुल (रूपये)
1	ट्यूशन शुल्क	99,000.00	99,000.00	99,000.00	297,000.00
2	अध्ययन सामग्री	24,000.00	24,000.00	24,000.00	72,000.00
3	कंप्यूटर शुल्क	13,000.00	13,000.00	13,000.00	39,000.00
4	पुस्तकालय शुल्क	8,000.00	8,000.00	8,000.00	24,000.00
5	कमरे का किराया	6,000.00	6,000.00	6,000-00	18,000-00
	कुल	**150,000.00**	**150,000.00**	**150,000.00**	**450,000.00**
	बिना जमानत राशि के				**450,000.00**

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट फॉर एग्जीक्यूटिवस (पीजीईएक्सपी)

एसीएम में मंजूरी मिलने के बाद, एक प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष उसकी स्वीकृति के लिए पेश किया गया और दिनांक जुलाई 2011 को आयोजित चौथी BoG मीटिंग में बोर्ड ने इसे स्वीकृति प्रदान की।

एक 18-महीने की अवधि का पोस्टग्रेजुएट एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पीजीईएक्सपी) का आरम्भ 29 अक्टूबर 2011 को किया गया। इस कार्यक्रम को कार्यरत एग्जीक्यूटिव और इंटरप्रेन्योरस को लक्ष्य करके शुरू किया गया है, जिन्हें औपचारिक प्रबंधन शिक्षा के माध्यम से आधुनिक प्रबंधकीय कौशलों, उपकरणों, और तकनीकों को सीखने का अवसर प्राप्त नहीं हो सका था।

इस कार्यक्रम को दो वर्षीय पूर्णकालिक पीजीडीएम से पृथक करने के लिए, इस कोर्स में प्रवेश केवल उन उम्मीदवारों तक सीमित कर दिया गया, जिनके पास न्यूनतम 7 वर्षों का कार्यानुभव हो। राँची के अतिरिक्त, नजदीकी स्थानों जैसे जमशेदपुर, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद से उम्मीदवार दिनांक 17 सितम्बर 2011 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में भाग लेने पहुँचे।

प्राप्त आवेदनों की संख्या : 152
प्रवेश परीक्षा के लिए चयनित छात्रों की संख्या : 146
प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या : 144

प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्नों का चयन आईआईएम राँची के विशेषज्ञ संकायों के द्वारा किया गया था, इसमें लिखित विश्लेषण, मात्रात्मक पद्धतियाँ और दिए गए विषयों में से एक पर मौखिक योग्यता शामिल थी। 50% वेटेज प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक को और शेष 50% वेटेज साक्षात्कार में प्रदर्शन को दिया गया। साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 27 - 28 सितम्बर 2011 को आईआईएम राँची के सूचना भवन के प्रांगण में किया गया। साक्षात्कार समिति में आईआईएम राँची के संकाय और एक्सएलआरआई के संकाय शामिल थे। 27 सितम्बर 2011 से शुरू कर पहले और दूसरे दिन क्रमशः 58 और 59 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।

साक्षात्कार के लिए चयनित और उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की संख्या : 117
नामांकन के लिए चयनित उम्मीदवारों की संख्या : 60

उषा मार्टिन, टाटा स्टील, मेकॉन एवम् सीसीएल के अधिकारी भी उम्मीदवारों की सूची में शामिल थे, जिन्होंने साक्षात्कार का सामना किया। साक्षात्कार के परिणाम का प्रकाशन दिनांक 30 सितम्बर 2011 को किया गया। पूर्व में आईआईएम राँची ने 40 सीटों की व्यवस्था की थी, परन्तु प्रोग्राम के लिए प्राप्त हुए आवेदकों की संख्या को देखते हुए, शासी बोर्ड के सलाह से सीटों की संख्या को बढ़ाकर 60 कर दिया गया, तदनुसार सफल उम्मीदवारों को ऑफर लेटर (आमंत्रण पत्र) भेजा गया।

शुल्कः 18 *माह के प्रोग्राम का कुल शुल्क* 4.5 *लाख रुपये है।*

2011-13 बैच

शामिन होने वाले छात्रों की संख्या	60	छोड़ने वाले छात्रों की संख्या	1

बैच की विशेषताएं


Education
Frequency
35
30
25
20
15
10
5
0
7
4
31
3
1
10
4
Arts
Commerce
Engineering
IT
Law
Management
Science
Streams
Gender
4
56
Female
Male


Industry
Frequency
12
10
8
6
4
2
0
1 1 6 7 1 5 1 2 1 8 1 3 11 2 1 1 8
Airlines
Army
Banking
Coal
Construction
Consultancy
Education
Engineering
FMCG
Government
Health
IT
Manufacturing
Mobile
Power
Retail
Steel
Industry
Level of Education
23
37
Post Graduate
Graduate

PGEXP group photo

उद्घाटन समारोह

पीजीडीएम बैच 2011-13

जब आईआईएम राँची की स्थापना नये संस्था के रूप में की गई थी, ठीक इसके एक वर्ष बाद दिनांक 6 जुलाई 2011 को 68 छात्रों को अपने परिवार में शामिल किया। आईआईएम राँची के द्वितीय बैच के ये सभी 68 छात्र वर्ष 2013 में पास करेगें। संस्था में प्रथम बैच को औपचारिक रूप से प्रसिद्ध हस्तियों जैसे श्री एस के चौधरी, झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव, श्री आर सी भार्गव, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और श्रीमती मृदुला सिन्हा, झारखण्ड सरकार के मानव संसाधन विभाग (एचआरडी) के सचिव की उपस्थिति में संस्था में शामिल किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शुभदीप प्रज्ज्वलित करने के साथ ऑल इण्डिया रेडियो के कलाकारों के द्वारा मन-प्राण को आनन्दित करने वाली सरस्वती मन्त्र के उच्चारण के साथ हुआ। नया बैच, जिसका माध्य प्रतिशत 99.64 है, और जो आने वाले वर्षों में संस्था के ध्वजवाहक बनेंगे, उन्हें सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एस सी चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने सबसे पहले आईआईएम राँची के लिए अपने सपनों के बारे में बताया और फिर उसका एकीकरण झारखण्ड के स्वप्नों के साथ किया। उन्होंने अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और साथ ही छात्रों से अनुरोध किया कि वे सामाजिक रूप से जागरूक बनें और अपनी विशेषज्ञता का उपयोग राज्य और देश के विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए करें।

फिर सुन्दर परिधान से सजे हुए रोमांचित छात्रों को श्री आर सी भार्गव ने संबोधित किया। श्री भार्गव ने उद्योग जगत के अपने अनुभवों को छात्रों के समक्ष रखते हुए उन्हें प्रबंधन और व्यावसायिक जगत की अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने पेशेवर जीवन में नेटवर्किंग और नेतृत्व के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला। श्रीमती मृदुला सिन्हा ने अपने भाषण में सॉफ्ट स्किल्स के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, सॉफ्ट स्किल्स का विकास करना वर्तमान समय की माँग है। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे आने वाले शैक्षणिक जीवन में अपने ज्ञान और स्व-विकास पर निवेश करें।

उसके बाद आईआईएम राँची के निदेशक डॉ. एम. जे. जेवियर ने संस्था के विकास की योजना प्रस्तुत की। उन्होंने छात्रों से सामाजिक रूप से जिम्मेदार और विनम्र बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को एक एमबीए ग्रेजुएट बनने की अपेक्षा एक बेहतर इन्सान बनना चाहिए। आईआईएम राँची टास्क फोर्स के अधिकारियों की उपस्थिति में, जिन्होंने इस संस्था को संकल्पना से वास्तविकता में बदलते हुए देखा है, डॉ. जेवियर ने जोर देकर कहा कि आईआईएम राँची छात्रों को एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म प्रदान करेगा, ताकि वे सक्रिय रूप से सीखते हुए अपनी क्षमताओं और योग्यताओं को निखारते हुए, अपने व्यक्तित्व का विकास कर सके। श्री मुकुंद नायक के निर्देशन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद, कार्यक्रम की समाप्ति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अब छात्र अगले दो वर्षों की अपनी यात्रा के लिए तैयार थे और एक ऐसे सशक्त बंधन का निर्माण करने की ओर अग्रसर थे जो जीवनपर्यन्त बना रहेगा।

पीजीडीएम बैच 2011-13

पीजीईएक्सपी : बैच 2011-13

शनिवार, दिनांक 29 अक्टूबर 2011 को कार्यरत अधिकारियों के लिए पीजीईएक्सपी का शुभारम्भ एक उद्घाटन समारोह में किया गया। समारोह का आरम्भ श्री मानस बनर्जी, जीएम (प्रशासन) के लिए पीए, के द्वारा एक श्लोक के उच्चारण और श्री श्रीराघव किरण मुक्कू के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। श्री मुक्कू पीजीडीएम 2011-13 बैच के छात्र हैं।

इस समारोह का आयोजन एसएआईएल ऑडिटोरियम में किया गया और इसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

आईआईएम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर ने पीजीईएक्सपी के पहले बैच का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा, ''सम्पूर्ण कार्यक्रम का निर्माण तार्किक सोच को विकसित कर समस्या को सुलझाने और वस्तुनिष्ठ प्रबंधकीय निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है।'' उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण देश में प्रशंसा मिली है और हमें दुबई और मलेशिया से इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी प्रदान करने के लिए अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ है।

माननीय मुख्य अतिथि श्री जी के पिल्लई, अध्यक्ष-एंवम-प्रबंध निदेशक हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन, ने 18-माह के कोर्स का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य निजी और सार्वजानिक क्षेत्र के पेशेवरों के प्रबंधकीय और नेतृत्व के गुणों का विकास करना है। श्री पिल्लई ने कहा कि यह कोर्स पेशेवरों को प्रबंधन और महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति एक सम्पूर्ण समझ को विकसित करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रवेश लेने वाले यहाँ की पठन-सामग्री कहीं अन्यत्र भी प्राप्त कर सकते है, परन्तु आईआईएम राँची की विशेष योग्यता इसके शिक्षण की गुणवत्ता में छिपी है।

प्रोफेसर बिनोद कुमार, अध्यक्ष और मुख्य संरक्षक, बी के सेंटर फॉर लिविंग इन हार्मोनी प्राइवेट लि. और सेवानिवृत्त प्रोफेसर और अध्यक्ष, बिहैविरिअल साइंस ग्रूप, आईआईएम कलकत्ता, ने नेतृत्व और संस्थागत व्यवहार पर महत्वपूर्ण भाषण दिया। अपने भाषण में प्रोफेसर बिनोद कुमार ने कार्यक्रम में नामांकन लिए अधिकारियों के साथ अपने अनुभवों को भी साझा किया। उन्होंने छात्रों से एक अच्छा इंसान बनने की अपील की।

प्रोफेसर सुबीर वर्मा, डीन, आईआईएम राँची ने छात्रों को संबोधित किया और संक्षेप में कोर्स के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन भी किया।

सुश्री सुदेष्णा गांगुली, बॉलीवुड की एक प्रसिद्ध पार्श्वगायिका ने दर्शकों को अपने क्लासिकल गीतों और गजलों से आनन्दित किया।

इससे पहले कि दिनांक 12 नवम्बर 2011 को कक्षायें शुरू हो, प्रोफेसर बिनोद कुमार ने रविवार, दिनांक 30 अक्टूबर 2011 को 'बेसिक मेनेजिरियल स्किलस' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

पीजीईएक्सपी बैच 2011-13

एकेडमिक कार्यक्रम

पीजीडीएम पाठ्यक्रम

आईआईएम की सफलता का श्रेय व्यवसाय और उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुकूल अपने पाठ्यक्रम को परिवर्तित करने की क्षमता को दिया जा सकता है। विगत वर्ष में हमने पीजीडीएम कोर्स में अनेकों महत्वपूर्ण परिवर्तनों को देखा है। जब सन् 80 के दशक में, जापान अपनी आर्थिक विकास की गाथा को उद्घाटित कर रहा था, तब हमने जापानी प्रबंधन पर अनेक कोर्स शुरू किया। सन् 90 के दशक में महत्वपूर्ण बड़े बदलाव देखने को मिले, जब वैश्वीकरण के ताकतों ने देश में तेजी से अपने प्रभाव का विस्तार किया। हमने प्रतिस्पर्द्धा और वैश्वीकरण पर अधिकाधिक कोर्स शुरू किया और पश्चिम के केस स्टडीज को शामिल किया ताकि वैश्विक कारपोरेशन को प्रबंधित करने में समर्थ ग्रेजुएट का निर्माण किया जा सके। विगत 20 वर्षों में परिवर्तनों को आत्मसात करते-करते हमारा पाठ्यक्रम यूएस के श्रेष्ठ बिजनेस स्कूल का पर्याय बन चुका है।

वर्तमान में पश्चिमी विद्वान उन उपकरणों (सिद्धांतों और संकल्पनाओं) को फिर से नवीन आकार देने में व्यस्त है, क्योंकि उन्होंने वर्तमान आर्थिक संकट के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार एमबीए प्रतिभागियों का निर्माण किया, जिन्होंने केवल शेयर धारकों के हितों के संरक्षण पर ध्यान दिया और अधिक जोखिम युक्त योजनाओं के क्रियान्वयन पर अपना सम्पूर्ण ध्यान केन्द्रित किया, इसके बजाय उन्हें दीर्घकालीन कार्यक्रमों और शेयर धारकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना चाहिए था। यह बात अब पूर्ण रूप से स्पष्ट हो चुकी है कि केवल दीर्घकालीन विकास या नैतिकता पर कुछ पाठ्यक्रम शुरू करने भर से नेतृत्व, अभिशासन और विश्वास की कमी से सम्बंधित समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता है। आईआईएम राँची के पाठ्यक्रम को निम्नलिखित तथ्यों को ध्यान में रखकर डिजायन किया गया है :

- जबकि कठिन तत्व (विश्लेषणात्मक उपकरण) सार्वभौमिक रूप से लागू हो सकता है, तब आसान तत्वों (मूल्यों, मानसिकता आदि) को विशिष्ट संस्कृति से जुड़ा होना चाहिए।
- एक प्रबंधक को उन स्थितियों की व्यापक समझ होनी चाहिए, जहाँ उसका व्यवसाय संचालित हो रहा है।
- पूर्व में शक्ति के स्थानांतरण के साथ, विशेष रूप से भारत और चीन की ओर, हमारे पास महत्वपूर्ण अवसर हैं कि हम ऐसे मॉडल का विकास करें जिसका सार्वभौमिक महत्त्व हो।
- विवेकशील नेतृत्व प्राप्त करने के लिए, समग्र विकास और वैज्ञानिक संलयन के संस्थान के दर्शन के साथ पाठ्यक्रम को संरेखित करें।

1 लें वर्ष का कोर्स (पीजीडीएम 2011-13 बैच)

पहला सत्र

क्रं सं	सत्र	कोर्स	क्रेडिट्स
1	I	फाइनेंश्यिल रिपोर्टिंग एंड एनालिसिस	3.0
2	I	इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी फॉर बिजनेस	3.0
3	I	लीगल एंड सोशल एस्पेक्टस ऑफ बिजनेस	3.0
4	I	माइक्रो इकनोमिक एनालिसिस फॉर बिजनेस डिसीसन	3.0
5	I	आर्गेनाईजेशनल बिहेवियर	1.5
6	I	स्टेटिस्टिक्स फॉर बिजनेस	3.0

दुसरा सत्र

क्रं सं	सत्र	कोर्स	क्रेडिट्स
1	II	बिजनेस कम्युनिकेशन-I	1.5
2	II	बिजनेस इथिक्स एंड वैल्यूज	1.5
3	II	कॉस्ट मैनेजमेंट	1.5
4	II	डिसीशन एनालिसिस एंड ऑपरेशनस रिसर्च	3.0
5	II	माइक्रो इकनोमिक एनालिसिस फॉर बिजनेस डिसीशन	3.0
6	II	मार्केटिंग मैनेजमेंट	3.0
7	II	आर्गेनाईजेशनल थ्योरी	1.5

तीसरा सत्र

Sl	Term	Courses	Credits
1	III	बिजनेस कम्युनिकेशन-II	1.5
2	III	कॉर्पोरेट फाइनेंस	3.0
3	III	एन्ट्रप्रेन्युरशिप	1.5
4	III	ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट	1.5
5	III	इण्डिया एडं वर्ल्ड इकॉनमी	1.5
6	III	मैन्युफैक्चरिंग एंड सर्विस ऑपरेशनस मैनेजमेंट	3.0
7	III	मार्केट रिसर्च	1.5
8	III	स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट	3.0
	इंटर्नशिप	प्रोजेक्ट	3.0

2रे वर्ष का कोर्स (पीजीडीएम 2010-12 बैच)

दूसरे वर्ष के लिए ऐच्छिक / वैकल्पिक कोर्स

कोर्स	क्रेडिट्स
बिजनेस एनालिटिक्स	
बिजनेस एनालिटिक्स	3.0
जनरल मैनेजमेंट	
बिजनेस एंड गवर्नमेंट	
बिजनेस एंड नेगोशियेशन	
कैपस्टोन बिजनेस सिमुलेशन	3.0
डूइंग बिजनेस इन चाइना	3.0
इन्डियन कल्चर	3.0

कोर्स	क्रेडिट्स
फाइनेंस	
बैंक एंड इन्शुरेन्स मैनेजमेंट	3.0
बिहेवियरल फाइनेंस	1.5
बिजनेस वैल्यूएशन	3.0
कॉर्पोरेट टैक्सेशन	3.0
फाइनेंशियल मॉडलिंग युजिंग एक्सेल	3.0
फाइनेंशियल रिस्क मैनेजमेंट	3.0
फिक्स्ड इनकम मार्केट	3.0
इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग	1.5
इन्वेस्टमेंट एनालिसिस एंड पोर्टफोलियो मैनेजमेंट	3.0
मर्जरस एंड एक्वीजीशनस	3.0
ऑप्शनस एंड फ्यूचरस (डेरिवेटिव्स)	3.0
ट्रेडिंग स्ट्रेटजीस	1.5
वेंचर कैपिटल एंड प्राइवेट इक्विटी	1.5

2रे वर्ष का कोर्स (पीजीडीएम 2010-12 बैच)

दूसरे वर्ष के लिए ऐच्छिक / वैकल्पिक कोर्स

कोर्स	क्रेडिट्स
मार्केटिंग	
ब्रांड मैनेजमेंट	3.0
बिजनेस टु बिजनस मार्केटिंग	3.0
कंज्यूमर बिहेवियर	3.0
कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट	3.0
इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्युनिकेशन	3.0
इंटरनेशनल मार्केटिंग	3.0
न्यू प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट	3.0
रिटैल मैनेजमेंट	3.0
रूरल मार्केटिंग	1.5
सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन	3.0
सर्विसेस मार्केटिंग	3.0

कोर्स	क्रेडिट्स
आईटी ऑपरेशनस	
डिमांड एंड बिजनेस फोरकास्टिंग	3.0
लोजिस्टिक्स एंड सप्लाई चैन मैनेजमेंट	3.0
प्रोसेस एक्सलेंस एंड क्वालिटी मैनेजमेंट	3.0
प्रोजेक्ट मैनेजमेंट	3.0
स्ट्रटेजी	
केस राइटिंग	3.0
कॉर्पोरेट इनफार्मेशन स्ट्रेटेजी एंड मैनेजमेंट	3.0
इकोनॉमिक्स ऑफ स्ट्रटेजी	1.5

पीजीईएक्सपी पाठ्यक्रम

पीजीईएक्सपी को 6 सत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें से प्रत्येक सत्र की अवधि 3 माह है। प्रथम तीन सत्र प्रतिभागियों को फाउंडेशन कोर्स से परिचित कराता है और उन्हें कार्यकारी कौशल भी प्रदान करता है। चौथा और पांचवां सत्र चयनित कोर्स को समर्पित है। छठा सत्र परियोजना कार्य को समर्पित किया गया है।

प्रत्येक कोर्स में 20 घंटों की कक्षा और 9 घन्टे स्व-अध्ययन को आबंटित किया गया है। प्रत्येक दूसरे सप्ताह, 14 घंटों के लिए कक्षाओं का आयोजन किया गया है। तीन महीनों में, 84 से अधिक कक्षा के घंटों को प्राप्त करेंगे। पीजीईएक्सपी के लिए चयनित कोर्स का निर्धारण प्रवेश पाये हुए छात्र की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

1ले वर्ष का कोर्स (पीजीईएकसपी 2011-13 बैच)

पहला सत्र

क्रं सं	सत्र	कोर्स	क्रेडिट्स
1	I	इकोनॉमिक्स फॉर मैनेजरस	3.0
2	I	प्रिंसिपल्स ऑफ मैनेजमेंट	3.0
3	I	फाइनेंश्यिल रिपोर्टिंग एंड कण्ट्रोल	3.0
4	I	क्वांटिटेटिव मेथड्स ऑफ बिजनेस	3.0

दुसरा सत्र

क्रं सं	सत्र	कोर्स	क्रेडिट्स
5	II	फाइनेंश्यिल मैनेजमेंट	3.0
6	II	बिजनेस कम्युनिकेशन	3.0
7	II	मार्केटिंग मैनेजमेंट	3.0
8	II	प्रोडक्शन एंड ऑपरेशनस मैनेजमेंट	3.0

तीसरा सत्र

क्रं सं	सत्र	कोर्स	क्रेडिट्स
9	III	एमआईएस एंड आईटी	3.0
10	III	एचआरएम एंड इंडस्ट्रियल रिलेशनस	3.0
11	III	सप्लाई चैन मैनेजमेंट	3.0
12	III	ऑर्गनाईजेशनल बिहेवियर	3.0

चौथा सत्र

क्र सं	सत्र	कोर्स	क्रेडिट्स
13	IV	कैपस्टोन बिजनेस सिमुलेशन	3.0
14	IV	स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट	3.0
15	IV	सॉफ्ट स्किल्स मैनेजमेंट	3.0

दूसरे वर्ष के लिए ऐच्छिक / वैकल्पिक कोर्स

कोर्स	क्रेडिट्स
फाइनेंस	
बिजनेस वैल्यूएशन	3.0
कॉर्पोरेट रि-स्ट्रक्चरिंग इन्क्लुडिंग एम एंड ए	3.0
फाइनेंशियल रिस्क मैनेजमेंट	3.0
इन्वेस्टमेंट एनालिसिस एंड पोर्टफोलियो मैनेजमेंट	3.0
प्रोजेक्ट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस	3.0

कोर्स	क्रेडिट्स
एचआरएम	
कॉम्पीटेंसी मेपिंग एंड टेलेंट मैनेजमेंट	3.0
एसेंशियल्स ऑफ लेबर लॉ	3.0
लीडरशिप, पॉवर एंड इन्फ्लुएंस	3.0
ऑर्गनाइजेशनल डिजायन एंड चेंज	3.0
स्ट्रेटेजिक एचआरएम	3.0

कोर्स	क्रेडिट्स
मार्केटिंग	
इंटरनेशनल मार्केटिंग	3.0
एनपीडी एंड ब्रांड मैनेजमेंट	3.0
सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट	3.0
सर्विसेज मार्केटिंग	3.0
स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग	3.0

कोर्स	क्रेडिट्स
ऑपरेशनस	
बिजनेस एनालिटिक्स एंड इंटेलिजेंस	3.0
लोजिस्टिक्स एंड सप्लाई चैन मैनेजमेंट	3.0
आपरेशनस प्रोजेक्ट मैनेजमेंट	3.0
आपरेशनस स्ट्रेटेजिक वैल्यू चैन एप्प्रोप्रियेशन	3.0
वर्ल्ड क्लास मैन्युफैक्चरिंग	3.0
प्रोजेक्ट वर्क (अन्य फंक्शनल एरिया में)	6.0

प्लेसमेंट

समर इंटर्नशिप बैच 2011-13

वर्ष 2011 के समर इंटर्नशिप के सफलता से उत्साहित होकर, जहाँ अनेकों छात्रों ने पीपीओ / पीपीआई प्राप्त किया था, आईआईएम राँची द्वारा दूसरे समर प्लेसमेंट प्रक्रिया को उद्योग जगत से अपार समर्थन प्राप्त हुआ। आईआईएम छात्रों और कंपनियों दोनों की अपेक्षाओं को समान रूप से पूरा करने में सक्षम था। एक ओर तो आईआईएम राँची ने पिछले वर्ष के चयन करने वालों के साथ अपने संबंधों को सुदृढ़ किया, जिन्होंने कैम्पस में पुनः विजिट किया था। वहीं दूसरी ओर, इस संस्था ने 28 नई कंपनियों के साथ सम्बन्ध स्थापित किया।

67 छात्रों के एक बैच ने 43 कंपनियों से 76 ऑफर प्राप्त किया, जैसे बैंकिंग एंड फाइनेंस (वित्त), सेल्स एंड मार्केटिंग, कंसल्टिंग, ऑपरेशन्स, जनरल मैनेजमेंट एंड एचआर। कुछ महत्वपूर्ण प्रोफाइल कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (व्यवसायिक सामाजिक उत्तरदायित्व), रियल एस्टेट एंड स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के क्षेत्र से भी थे। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह थी कि छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रोफाइल ऑफर किये गये जिसमें नियमित प्रोफाइल के अतिरिक्त फाइनेंशियल कंसल्टिंग, स्ट्रेटेजी, हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, आईटी कंसल्टिंग, स्टेटिस्टिक्स, और इकनोमिक रिसर्च शामिल हैं। औसत वेतन रूपये 62000 दो महीनों के लिए, और सबसे अधिक वेतन रूपये 160,000 का ऑफर मलेशिया की कंसल्टिंग फर्म ने दिया था। एक छात्र प्रक्रिया से यह कहते हुए बाहर निकल गया कि वह स्वयं अपने लिए अवसरों की खोज करेगा।

भाग लेने वाली कुछ कम्पनियों के नामों की सूची नीचे दी गई है:

क्रं सं	कम्पनी का नाम
1	एलटीसोर्स
2	एस्क्लेपिअस्
3	बेक्टन डिकिन्सन
4	बर्जर पेंट्स लिमिटेड
5	बोस्टन साइंटिफिक
6	ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड
7	कैपजेमिनी
8	केयर
9	सीसीआईएल
10	सिटीबैंक
11	डाबर इण्डिया लिमिटेड
12	इमामी
13	अर्नेस्ट एंड यंग
14	एस्टेटलिस्टर.कॉम
15	एक्साइड इंडस्ट्रीज लि.
16	फुल्लरटोन सेक्योरिटीज
17	हेक्टर बेवरेजेस
18	एचएसबीसी बैंक
19	एचटी मीडिया
20	हीरो मोटर कॉर्प.
21	हिंदुस्तान कोका कोला
22	आईबीएम
23	आईसीआईसीआई बैंक
24	आईएल एंड एफएस लिमिटेड

क्रं सं	कम्पनी का नाम
25	आईएमआरबी
26	इंडेक्स एडवाइजरी
27	जयपुर रग्स
28	जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी
29	एल एंड टी
30	मारूति सुजुकी लिमिटेड
31	नेशनल कमोडिटी एंड डेरीवेटिव एक्सचेंज ऑफ इंडिया
32	नेशनल पॉवर कंपनी लिमिटेड
33	ओबेरॉय
34	ओक्वेन फाइनेंशियल कॉरपोरेशन
35	पीअर्स कैपिटल
36	पिटनी बोवेस इण्डिया
37	पीडब्ल्यूसी
38	रेकिट बेन्किसेर
39	सब्मिल्लेर
40	सिंघी एडवाइजरस
41	सोसाईट जेनरल
42	स्पोर्ट्स गुरुकूल
43	यूएई एक्सचेंज
44	यूनिकॉन सिक्योरिटीज
45	विप्रो
46	यस बैंक



बैंकिंग एंड फाइनेंस

अनेकों बहुराष्ट्रीय और देशी कम्पनियों ने बहुत ही उत्साह से प्लेसमेंट कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न प्रकार के रोमांचक रोल ऑफर किया, इस तरह उन्होंने आईआईएम राँची के सबसे अधिक सीएटी के कट-ऑफ के विश्वास को सुदृढ़ बनाया। एक प्राइवेट इक्विटी फर्म, जिसका यूके में भी व्यवसाय है, उसने कैम्पस से पहली बार किसी अभ्यर्थी का चयन किया। एक बुटिक इन्वेस्टमेंट बैंक ने एक और आकर्षक ऑफर मर्जर एंड एक्वीजीशन के क्षेत्र में ऑफर किया। इस सेक्टर में प्रस्तुत किये गये अन्य ऑफर में शामिल हैः इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग, इक्विटी रिसर्च, क्रेडिट रिसर्च, कंज्यूमर बैंकिंग, मॉर्टगेज सर्विसेज, प्रोजेक्ट फाइनेंस आदि।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियाँ : *सिटीग्रुप, जेपी मॉर्गन, एचएसबीसी, सोसाईट जेनरल, ओक्वेन फाइनेंशियल कॉरपोरेशन, यूएई एक्सचेंज, आईएल एंड एफएस, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, एलटीसोर्स, फुल्लरटोन सिक्योरिटीज यूनिकॉन सिक्योरिटीज,।*

मार्केटिंग एंड ऑपरेशन्स

आईआईएम राँची इस क्षेत्र के अनेकों कंपनियों के साथ सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध बनाये हुए है। इस वर्ष के समर (ग्रीष्म) इंटर्नशिप की प्रक्रिया में बहुत अधिक मांग वाले एफएमसीजी क्षेत्र की अनेक नई कंपनियां कैम्पस में चयन के लिए आईं। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में अधिकांश रोल अन्य सेक्टरों जैसे मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल्स, फार्मास्युटिकल्स, मार्केट रिसर्च, मीडिया, ई-कॉमर्स आदि से ऑफर किया गया।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियां : *रेकिट बेन्किसेर, हिंदुस्तान कोका कोला बेवरीजस, ब्रिटानिया, डाबर, एसएबी मिलर, इमामी, हीरो मोटरकॉर्प, मारुति, बोस्टन साइंटिफिक, बेक्टोन डिकिन्सन, बर्जर पेंट्स, एच टी मीडिया, आईएमआरबी, एक्साइड।*

कंसल्टिंग, एनालिटिक्स एंड जेनरल मैनेजमेंट

भविष्य में विश्लेषिकी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने के उद्देश्य से, प्रथम बैच के छात्रों ने इस क्षेत्र में बहुत रुचि दिखाई। यही नही विगत में छात्रों को चयन करने वाली कंपनियों ने संस्था में न केवल पुनः विजिट किया, बल्कि द्वितीय वर्ष बैच के छात्रों को पीपीओ/पीपीआई का ऑफर भी दिया।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियांः *अर्नेस्ट एंड यंग, कैपजेमिनी कंसल्टिंग, इंडेक्स एडवाइजरी, एस्क्लेपिअस् कंसल्टिंग, आईबीएम, पिटनी बोवेस, ओवेरॉय ग्रुप।*

बैच के मध्य विविधता को प्रकट करने के उद्देश्य से, छात्रों ने अन्य प्रमुख क्षेत्रों में ऑफर किये जाने वाले रोल जैसे एचआर, ऑपरेशन्स एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट को भी स्वीकार किया।

श्री अभिनन्दन ढ़ोके, रीजनल सेल्स मैनेजर-ब्रिटानिया का विचार हैः *"यह आईआईएम राँची में हमारा प्रथम आगमन था और हमने पाया कि छात्र बहुत अच्छे हैं और चयन प्रक्रिया के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं। यहाँ के छात्र अन्य प्रसिद्ध बी-स्कूल के छात्रों के समकक्ष हैं। इसके अतिरिक्त, प्रक्रिया को बहुत ही बेहतर ढंग से प्रबंधित किया गया है।"*

प्रोफेसर सुबीर वर्मा, डीन आईआई एम राँची ने कहा *"आर्थिक मंदी और चयन करने की प्रक्रिया में अनिश्चितता के बावजूद, कम्पनियों ने हमारे छात्रों में बहुत सशक्त विश्वास दिखाया है। इस प्रक्रिया की सफलता, स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर सकेंत करती है कि आईआईएम राँची निश्चित ही टॉप बी-स्कूलों के श्रेणी से सम्बन्ध रखता है।"*

वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, नये बैच के लिए उद्योग जगत का सहयोग हमारी आशा से बढ़कर है। यह इस तथ्य की पुनः पुष्टि करता है कि नौवाँ आईआईएम तीव्र गति से अपनी क्षितिज का विस्तार करता जा रहा है और कम्पनियों के लिए कर्मठ मैनेजरों को प्राप्त करने के एक प्रिय स्थल के रूप में उभर रहा है।

फाइनल प्लेसमेंटस्

बैच 2010-12

आईआईएम राँची ने वर्ष 2012 में ग्रेजुएट हुए अपने पहले बैच के सफल प्लेसमेंट होने को चिंहित किया है। मध्य-जनवरी से 43 छात्रों के बैच के प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरूआत हुई और एक समूह के आधार पर संचालित की गई।

कठिन आर्थिक परिस्थिति को देखते हुए, इंडस्ट्री का सहयोग उत्साहजनक था। प्लेसमेंट प्रक्रिया की सफलता का श्रेय मुख्य रूप से छात्रों द्वारा समर इंटर्नशिप में किये गए उनके प्रदर्शन और अनेक कम्पनियों द्वारा प्रायोजित बी-स्कूल कार्यक्रमों में उनकी सफलता को जाता है। प्रक्रिया के शुरू होने से पूर्व 5 छात्रों ने विभिन्न संस्थाओं से पीपीओ प्राप्त किया था और उनमें से 1 को स्वीकार किया गया।

चयन प्रक्रिया में लगभग 30 कंपनियों ने 43 छात्रों के समक्ष विभिन्न प्रकार के 65 ऑफर प्रस्तुत कर उनके सामने दुविधा उत्पन्न कर दी। प्लेसमेंट प्रक्रिया में 39 कंपनियों ने भाग लेने की पुष्टि की थी और उनमें से अधिकांश ने अपनी चयन करने की योजना से अधिक छात्रों को ऑफर दिया। लगभग 12 से अधिक कंपनियों ने विगत दो समर (ग्रीष्म) इंटर्नशिप के साथ अंतिम प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लेकर आईआईएम राँची के छात्रों में अपने विश्वास को दृढ़ बनाया है। यस बैंक ने 6 ऑफर दिये, जो भाग लेने वाली कम्पनियों में सर्वाधिक थी। बैच को विभिन्न सेक्टर से 6 पार्श्विक ऑफर भी प्राप्त हुआ, जिसमें टेलिकॉम, बैंकिंग और कंसल्टिंग शामिल हैं।

कुछ भाग लेनेवाली कम्पनियो की सूची नीचे दी गई है

क्रं सं	कम्पनी का नाम
1	एलटीसोर्स
2	अरंका
3	बर्जर पेंट्स इण्डिया लिमिटेड
4	केयर इण्डिया
5	केविनकेयर प्रा. लिमिटेड
6	सिटी बैंक
7	अर्नेस्ट एंड यंग
8	गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
9	एचएसबीसी बैंक
10	एचटी मीडिया
11	आईसीआईसीआई बैंक
12	आईसीआरए ऑनलाइन लिमिटेड
13	आई.सी.आर.एम मलेशिया

क्रं सं	कम्पनी का नाम
14	आईएनजी वैश्य बैंक
15	जयपुर रग्स
16	मारुति सुजुकी इण्डिया
17	मु सिग्मा
18	फाइजर इण्डिया
19	पोलारिस इण्डिया
20	रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
21	सोनाटा
22	टेक नोवा
23	टाइटन इंडस्ट्रीज लिमिटेड
24	यूएई एक्सचेंज
25	यस बैंक लिमिटेड



लगभग 3 अन्तराष्ट्रीय ऑफर विभिन्न प्रकार के रोल के लिए मध्य पूर्व और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए दिया गया। विदेश में अधिकतम वेतन रूपये 24 लाख (केवल नगद रूप में) का प्रस्ताव दो छात्रों को मध्य पूर्व में दिया गया। इसके अतिरिक्त, देश में अधिकतम वेतन रूपये 23 लाख प्रति वर्ष का प्रस्ताव दो छात्रों को एक फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म के द्वारा दिया गया। देश में बैच के लिए औसत वेतन 12.97 लाख रूपये था जबकि मध्य रूप से वेतन 12.5 लाख रूपये प्रति वर्ष था। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में न्यूनतम स्वीकृत प्रस्ताव 8 लाख रूपये प्रति वर्ष था।



फाइनेंस

अपने मार्गदर्शक आईआईएम कलकत्ता से अपने जड़ों को जोड़े रखते हुए आईआईएम राँची ने फाइनेंस (वित्त) के क्षेत्र में असाधारण रूप से बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखा। इस विकसित हो रहे आईआईएम ने वित्त बाजार में मंदी के बावजूद फाइनेंस (वित्त) के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन किया, जिसका प्रमाण यह है कि बैच के लगभग आधे (44.2%) छात्रों ने फाइनेंस (वित्त) से सम्बंधित रोल का चयन किया।

फाइनेंस (वित्त) क्षेत्र के कुछ विशेष कंपनियों (देशी और एमएनसी बैंकों) ने विशेष रूप से सभी नए आईआईएम के मध्य आईआईएम राँची से छात्रों का चयन किया। एक देशी बैंक के एक वरिष्ठ एचआर ने कहा, *"पहले बैच के लिए हमने समर प्लेसमेंट में भाग लिया और इंटर्नस के साथ हमारा अनुभव बहुत ही शानदार रहा। इसलिए, हम चयन करने के लिए यहाँ पुनः आये, इसके बावजूद कि इस वर्ष कम चयन करने की योजना थी।"*

मुंबई के एक बुटिक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग फर्म ने अंतिम प्लेसमेंट में कुछ छात्रों को एम एंड ए रोल के लिए चयन किया। एक और विशेष बात यह है कि बैंकिंग सेक्टर की अनेक कम्पनियों ने बहुत ही उत्साह के साथ प्लेसमेंट की प्रक्रिया में भाग लिया। फाइनेंस (वित्त) के क्षेत्र में ऑफर किये गए रोल में शामिल हैं, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग रिसर्च, क्रेडिट रिसर्च, रिटेल बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग, मॉर्टगेज सर्विसेज और इकनोमिक रिसर्च।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियां: *सिटी बैंक, एचएसबीसी बैंक, ओक्वेन फाइनेंशियल सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईएनजी वैश्य बैंक, अरंका , केयर रेटिंग्स, आईसीआरए, यूएई एक्सचेंज, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया*

मार्केटिंग एंड ऑपरेशनस

समर (ग्रीष्म) प्लेसमेंट की सफलता के बाद, जिसमें अनेकों टॉप मार्केटिंग (विपणन) कंपनियों ने भाग लिया था, फाइनल (अंतिम) प्लेसमेंट के दौरान छात्रों को आकर्षक रोल विभिन्न सेकर्टस की कंपनियों जैसे एफएमसीजी, ई-कॉमर्स, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मैन्युफैक्चरिंग, मार्केट रिसर्च और फार्मास्युटिकल्स ने ऑफर किया। बैच के 25.6% छात्रों ने इस क्षेत्र के रोल का चयन किया, जिसमें शामिल है बीटुबी मार्केटिंग, बिजनेस डेवलपमेंट, सेल्स, ब्रांड मैनेजमेंट, मार्केट रिसर्च आदि।

इस क्षेत्र में चयन के लिए भाग लेने वाले एक कंपनी के नेशनल सेल्स हेड और आईआईएम-अहमदाबाद के एक एलुमनी ने टिप्पणी की, *"मुझे नये आईआईएम पर शंका थी, परन्तु यहाँ प्रथम बैच के छात्रों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद मुझे सुखद अनुभूति हुई। निश्चित रूप से, आईआईएम राँची का भविष्य उज्जवल है।"*

इस क्षेत्र में 7 नई कम्पनियों ने भाग लिया और छात्रों को विभिन्न प्रकार के रोल ऑफर किये।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियां: *एचटी मीडिया, फ्लिपकार्ट, गोदरेज एंड बोयेस, फाइजर, मारुति, टाटा स्टील, युनाइटेड स्पिरिट्स, एवेरेडी इंडस्ट्रीज, टाइटन, बर्जर पेंट्स, केविनकेयर।*

आईटी एंड कंसल्टिंग

लगभग 50% उम्मीदवारों के पास पूर्व के कार्यानुभव के बावजूद, आईटी एंड कंसल्टिंग ने भी छात्रों को आकर्षित किया। विगत के दो समर (ग्रीष्म) प्रक्रियाओं में भाग लेने के बाद, अर्नेस्ट एंड यंग ने संस्था के छात्रों को अपने विजनेस कंसल्टिंग डिवीजन में रोल ऑफर किया।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियां: *अर्नेस्ट एंड यंग, सोनाटा सॉफ्टवेर, पोलारिस, एक्चुयेट मैनेजमेंट कंसल्टिंग*

जेनरल मैनेजमेंट (सामान्य प्रबंधन) एंड एचआर

नई कम्पनियों ने इस क्षेत्र में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया और इस क्षेत्र में जिंदल स्टील एंड पॉवर ने अपना लीड मैनेजमेंट ट्रेनी प्रोग्राम का ऑफर छात्रों को दिया। अगले वर्ष से पीजीडीएचआरएम कोर्स के आरम्भ होने के साथ, आईआईएम राँची की योजना इस क्षेत्र के और अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियों को आकर्षित करने की है।

चयन करने वाली प्रमुख कम्पनियां: *आरपीजी ग्रुप, जिंदल स्टील एंड पॉवर, जयपुर रग्स*



प्लेसमेंट प्रक्रिया की मुख्य विशेषताओं को नीचे रेखांकित किया गया है:

- फाइनेंस (वित्त) के क्षेत्र में अनेकों कंपनियों ने नए आईआईएम में विशेष रूप से आईआईएम राँची से छात्रों का चयन किया।
- इस क्षेत्र के छात्रों को औसत के 13.6 लाख रूपये वेतन का ऑफर दिया गया, जबकि इसका औसत रूपये 12.5 लाख था। अधिकतम और न्यूनतम वेतन की सीमा क्रमशः रूपये 24 लाख और 8 लाख थी।
- कुछ विशिष्ट रोल (पद) जैसे मीडिया मार्केटिंग (विपणन) और स्ट्रेटेजिक डेवलपमेंट का प्रस्ताव भी छात्रों को दिया गया।
- बैच के 43 छात्रों में से 3 छात्रों को मध्य-पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया से अन्तराष्ट्रीय ऑफर भी प्राप्त हुए।

"वर्तमान के कठिन आर्थिक स्थितियों में, आईआईएम राँची का प्रथम फाइनल प्लेसमेंट अपेक्षा से बेहतर था। सभी छात्रों ने अपने पसंद के क्षेत्रों में न केवल ऑफर प्राप्त किया, बल्कि 3 छात्रों ने अन्तराष्ट्रीय ऑफर प्राप्त कर इस विकास कर रहे संस्था की प्रतिष्ठा में चार चाँद लगाया। इंडस्ट्री और छात्रों के मध्य बेहतर संचार-संवाद के लिए, हमने समूह आधारित व्यवस्था का चयन किया, जिसकी भर्ती करने वाली कम्पनियों और अन्य शुभचिंतको ने सराहना की", प्लेसमेंट कमिटी के सचिव कुमार अभिषेक ने टिप्पणी की।

दीक्षांत समारोह

पीजीडीएम 2010-12

आईआईएम रांची ने रांची विश्वविद्यालय के परिसर के आर्यभट्ट सभागार में 11 अप्रैल, 2012 को अपना प्रथम दीक्षांत समारोह मनाया। समारोह का उद्घाटन सर्वशक्तिमान ईश्वर की प्रार्थना के साथ किया गया।

2010-12 बैच के 43 छात्रों को मुख्य अतिथि, झारखंड के राज्यपाल महामहिम डॉ. सैयद अहमद और आईआईएम कोलकाता के निदेशक, आईआईएम रांची के मेंटर निदेशक प्रोफेसर शेखर चौधरी की उपस्थिति में डिप्लोमा से सम्मानित किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष श्री आर सी भार्गव ने डिप्लोमा प्रदान किया।

डॉ. सैयद अहमद ने पढ़ाई में उत्कृष्टता के लिए पहले तीन रैंक धारकों- आदित्य सोमानी, सौरभ प्रताप सिंह और अनुभव जौहरी को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ निवर्तमान छात्र के लिए स्वर्ण पदक विजय कृष्णा कन्दुला को प्रदान किया गया।

आदित्य सोमानी, श्रेय कुमार सिंह और सिंघानिया अंकित विश्वनाथ को क्रमशः वित्त, विपणन और संचालन में सबसे अच्छी परियोजना के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि महामहिम डॉ. सैयद अहमद ने कहा, *"मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हो रही है कि आईआईएम रांची सभी छह नए आईआईएम के बीच शीर्ष पर है। अध्ययन करना और*

दीक्षांत समारोह
पीजीडीएम
2010-12

परीक्षा उतीर्ण कर एक शिक्षण संस्थान से बाहर निकलना एक छात्र के लिए काफी सामान्य बात है और इसमें कुछ भी नया नहीं है, परन्तु जब वे समाज और राष्ट्र के लिए इस शिक्षा का उपयोग करते हैं, तो वे अद्वितीय बन जाते हैं। आईआईएमआर के छात्रों ने इसे किया है जो मेरे विचार में बहुत अनूठा है।"

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री भार्गव, शासी मंडल के अध्यक्ष ने कहा, *"जीवन में सफलता का कोई शार्ट-कट नहीं है। युवा प्रबंधन स्नातकों के रूप में, आपने आईआईएम रांची में दो वर्षों के प्रवास के दौरान आप सभी ने इस सच्चाई को अनुभव किया होगा। कॉलेज से एक कंपनी की ओर प्रस्थान करना आसान नहीं होने जा रहा है। आपको कॉर्पोरेट ढांचे और अपने लोकाचार के भीतर काम करना सीखना चाहिए। आप यह मत सोचिये कि आपके सीखने की प्रक्रिया आईआईएम रांची में समाप्त हो गई है। वास्तव में यह तो अभी शुरू हो रही है।"*

उन्होंने यह भी कहा, *"मूल्यों से समझौता कभी न करें। संगठन आपसे लचीला होने की उम्मीद करता है, कृपया लालचों के सामने झुकें नहीं। आपको अपने अल्मा मेटर के मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता है। लंबे समय में, अखंडता और मूल्य नेताओं को दूसरों से अलग करते हैं।"*

डॉ. एम जे जेवियर, संस्थान के निदेशक, स्थापना के बाद से आईआईएम रांची में हो रहे कार्यों की संक्षेप में एक झलक प्रस्तुत की। उन्होंने स्नातक बैच को बधाई देते हुये कहा, *"आप वैसे समय में कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश कर रहे हैं, जब हमें नैतिकता और मूल्यों की कमी दृष्टिगोचर हो रहा है। कृपया आप याद रखे कि आप संस्था (कंपनी) में एक उत्प्रेरक के रूप में प्रवेश करने जा रहे हैं और आपका ध्येय कॉर्पोरेट जगत के नेताओं की शुद्ध लाभ कमाने की मनोवृति में क्रांतिकारी बदलाव लाकर उसे सिद्धांतों के साथ लाभ अर्जित करने की मानसिकता में बदलना है।"*

प्रोफेसर शेखर चौधरी ने अपने संबोधन में आईआईएम रांची की स्थापना करने में पेश आई परेशानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा उनकी संस्था ने इसे बनाने को स्वीकार किया, जबकि अन्य पुराने आईआईएम ने अप्रत्याशित कठिनाइयों की वजह से इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर प्रसन्नता है कि आईआईएमसी को चुनौतियों से लड़ने का अवसर मिला है और यह आईआईएम रांची के विकास और देश में प्रबंधन शिक्षा के लिए कुछ योगदान करने पर गर्वान्वित है। उन्होंने यह भी कहा कि *"आईआईएम रांची को देखना बहुत ही अद्भुत है, जो एक बदसूरत बत्तख के बच्चे से एक खूबसूरत और सुंदर हंस में परिवर्तित हो रहा हो।"*

डॉ. सुबीर वर्मा, डीन एकेडेमिक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आईआईएम रांची की ओर से उन्होंने माननीय राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय निकालकर दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होने के लिए सहमति प्रदान की। आईआईएमसी के संरक्षक निदेशक, प्रोफेसर शेखर चौधरी और उनकी टीम के प्रति शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने कहा कि आईआईएम रांची प्रोफेसर चौधरी के नेतृत्व में आईआईएमसी टीम द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने पर गर्व का अनुभव कर रहा है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए मुख्य अतिथि और मेंटर निदेशक को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उन्होंने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और सदस्यों के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने माता-पिता को भी उनके बच्चों के शैक्षिक प्रयासों में समर्थन देने के लिए बधाई दी। उन्होंने निदेशक के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया जिनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में आईआईएम रांची नई ऊंचाइयों पर पहुँच गया है।

आईआईएम रांची ने दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किये गए सभी लोगों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया।

अवार्ड्स और रैंकिंग

अवार्ड्स

1. आईआईएम राँची ने दैनिक भास्कर से 11 सितम्बर 2011 को **"दि मोस्ट एडमायरर्ड ब्रांड इन एजुकेशन"** का अवार्ड प्राप्त किया।

2. आईआईएम राँची ने बहुत ही कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना लिया है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर को इनोवेटिव लीडरशिप 2012 के लिए चाणक्य अवार्ड पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से दिनांक 13 फरवरी 2012 को ट्रिडेंट नारीमन पॉइंट में राष्ट्रीय स्तर के एक कांफ्रेंस में दिया गया। **चाणक्य अवार्ड** महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करने वाले उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जो बहुत ही कम समय में इंडस्ट्री में अपने पेशेवर कैरियर में स्वयं की एक अद्वितीय पहचान बनाते हैं और अपने नवीन और आधुनिक विचारों के कार्यान्वयन के माध्यम से संस्था को एक नई उंचाई प्रदान करते है।

3. एकेडमिक और रिसर्च इंस्टिट्यूट के अध्ययनों के आधार पर आईआईएम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर को **अमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल,** अमिटी यूनिवर्सिटी, नोयडा, के द्वारा दिनांक 22 से 24 फरवरी 2012 को आयोजित 14वें इंटरनेशनल बिजनेस समिट में **"अमिटी एकेडमिक एक्सलेंस अवाड'' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान "बिल्डिंग स्पिरिचुअल क्वोशेंट, इमोशनल क्वोशेंट एंड ह्युमन क्वोशेंट अलोंग विथ फिजिकल क्वोशेंट इज एसेंशियल फॉर क्रिएटिंग वर्ल्ड क्लास ग्लोबल आर्गेनाईजेशन"** के लिए दिया गया। यह अवार्ड दिनांक 23 फरवरी 2012 को 11-30 बजे दिया गया।

4. आईआईएम राँची के अध्यक्ष, श्री आर सी भार्गव ने जापान सम्राट से **"दि एम्परर् ऑफ जापान - दि आर्डर ऑफ दि राइजिंग सन गोल्ड एडं सिल्वर स्टार आवर्ड"** प्राप्त किया।

रैंकिंग

1. आईआईएम राँची की कुल **28वीं रैंकिंग है और पूर्वी क्षेत्र में इसे 4था सर्वश्रेष्ठ संस्था माना गया है** (आईआईएम शिलोंग से आगे), हिन्दुस्तान टाइम्स, 31 अगस्त, 2011

2. आईआईएम राँची को न्यू आईआईएम में **पहला रैंक दिया गया है और देश में उम्मीदवारों की पसंद में इसे 8वां रैंक** प्राप्त हुआ।

छात्रों की उपलब्धियाँ

छात्रों ने विभिन्न बी-स्कूलों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाओं में भाग लेकर और उन्हें जीतकर आईआईएम राँची को सम्मान और विशेष गौरव प्रदान किया। कुछ प्रतिस्पर्द्धाओं और उनके विजेताओं के नामों का उल्लेख नीचे किया गया है:

1. *टीएएस अल्टिअस - 2011 :* एनुअल फेस्ट कांफ्लुएंस-2011 (आईआईएम अहमदाबाद का एक जेनरल मैनेजमेंट का कार्यक्रम, जो 4 क्षेत्रों में एक बहुत ही विख्यात और प्रसिद्ध प्रतिस्पर्द्धा है, जिसमें देश भर के टॉप 30 बी-स्कूलों के 414 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

   आईआईएम राँची, आदित्य सोमानी (पीजीडीएम 2011-13 बैच) के अविस्मर्णीय उपलब्धि से गर्व महसूस कर रहा है, जिसने प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का प्रायोजक और निर्णायक टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज था।

2. *बिजनेस टुडे केस स्टडी कॉम्पटीशन-2011 :* पीजीडीएम 2011-13 बैच के हनु प्रतीक कुंडरू ने केस स्टडी कॉम्पटीशन, बिजनेस टुडे इंटरनेशनल कांफ्रेंस में जीता, जिसका आयोजन न्यूयॉर्क में किया गया था और इस प्रतियोगिता में संसार के 20 देशों के 100 से भी अधिक विश्विद्यालयों के 150 से अधिक टॉप कॉलेज के छात्रों और यूएस के प्रथम स्तर के विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता के रूप में उन्हें यूबीएस इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रबंध निदेशक श्री जोशुआ रोसेंबौम के हाथों अवार्ड और उनके पुस्तक की एक हस्ताक्षरित कॉपी प्राप्त करने का सम्मान प्राप्त हुआ।

3. *मार्केटरिक्स - इन्टग्लियो-2011:* पीजीडीएम 2010-12 बैच के अरविन्द एक्का, अंकित गोयल और बिरमा राम ने प्रथम पुरस्कार मार्केटरिक्स के लिए जीता, जो आईआईएम कलकत्ता के बिजनेस फेस्ट-इन्टग्लियो पर आधारित एक अखिल भारतीय डिजिटल मार्केटिंग (विपणन) प्रतिस्पर्द्धा है।

4. *इनोवेटिव आइडीयेटर्स-2011:* इस कार्यक्रम में देश के सभी टॉप बी-स्कूलों के 800 से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रसिद्द कार्यक्रम में आईआईएम राँची के तीन टीम फाइनल में पहुँचे।

   टीम में शामिल थे, मुदित कुमार जैन, अभिषेक बसु मल्लिक, निशांत वत्स, समीर अग्रवाल, पराग सभलोक फाइनल राउंड (दौर) के फाइनल स्टेज में पहुंचे और अपना केस और पेपर श्री पंकज आचार्य, एमएडी(ई) के भारत में सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किया।

5. *क्विजिट'11:* आईआईएम राँची को पूर्वी क्षेत्र के लिए क्विजिट'11 की मेजबानी का गौरव प्राप्त है। पीजीडीएम 2011-13 बैच के विकट पाटिल और आकाशदीप ने प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विकट पाटिल ने कोलकाता में आयोजित क्विजिट में पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी किया।

6. *क्विज्नी लैंड :* वैभव बंसल, सनी सुमान्शु और विशाल शेट्टी वाली तीन सदस्यों की टीम ने आईआईएम राँची के क्विजिंग क्लब, क्विजनी लैंड, द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता।

7. *कैरोस फेलो -2011:* पीजीडीएम 2011-13 बैच के हनु प्रतीक कुंडरू को वर्ष 2012 का कैरोस फेलो कैरोस सोसाइटी (एडवांसिंग दि वर्ल्ड थ्रू एंटरप्रेंयूर्शिप एंड इनोवेशन, यूएसए के द्वारा चुना गया है। फेलोशिप के एक भाग के रूप में, उन्हें यूनाइटेड नेशनस (यूएन) और न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) पर दिनांक 2-5 फरवरी, 2012 को आयोजित कैरोस ग्लोबल समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था।

   वैश्विक सदस्यगण (ग्लोबल फेलो) विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों के टॉप छात्रों का प्रतिनिधित्व करते है, जिसमें हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, एमआईटी, ऑक्सफोर्ड एंड कैंब्रिज शामिल हैं।

   छात्रों के पास समान विचार वाले एंट्रेप्रेंयुर्स से मिलकर उनके अमूल्य सलाहों, निर्देशों और दृष्टिकोणों से लाभान्वित होने का अवसर होता है।

8. *एनसीएमएस 2011 :* एआईएमए ने 8वें नेशनल कम्पटीशन फॉर मैनेजमेंट, स्टूडेंटस फॉर मैनेजमेंट के छात्रों के लिए आयोजन किया, ताकि उनके ज्ञान को तीक्ष्ण बनाते हुए उनके व्यावसायिक तीक्ष्णता की परीक्षा देश के सर्वश्रेष्ठ छात्रों से प्रतियोगिता के माध्यम से उभारा जा सके। प्रतियोगिता में देश भर के 150 से भी अधिक बी-स्कूलों के 200 से भी अधिक टीमों ने भाग लिया। आईआईएम राँची के टीम में यश अग्रवाल और रचित शर्मा ने शुरू में क्षेत्रीय दौर (पूर्वी क्षेत्र) जीता और बाद में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रचित शर्मा ने "बेस्ट बड्डिंग मैनेजर" का अवार्ड भी जीता।

9. *बुल्स एंड बीयर्स :* पीजीडीएम के प्रथम वर्ष के छात्र विभोर गोयल बुल्स एंड बीयर्स, एक ऑनलाइन ट्रेडिंग कॉम्पटीशन का दैनिक विजेता बना, जिसका आयोजन एनएमआईएमएस के द्वारा किया गया।

10. *एवलोन कंसल्टिंग:* रचित शर्मा और सनी सुमांशु को सम्पूर्ण भारत के श्रेष्ठ 50 टीमों में फाइंडिंग सन् Tzu चैलेंज 2011 के लिए चुना गया, जिसका आयोजन एवलोन कंसल्टिंग के द्वारा किया गया।

11. *आरम्भ -2011:* अभिषेक बसु मल्लिक और समीर अग्रवाल ने 'कॉनुन्ड्रम' में रूपये 5000 का प्रथम पुरस्कार जीता, जो एक क्विजिंग कार्यक्रम आरम्भ'2011 था और इसका आयोजन आईआईएम राँची के द्वारा किया गया था। रचित शर्मा और हनु प्रतीक कुंडरू ने आरम्भ'2011 के वाद-विवाद प्रतियोगिता में 'वॉर ऑफ वर्ड्स' में रूपये 2000 का तृतीय पुरस्कार जीता।

12. *वर्चस्व'2011:* आईआईएम लखनऊ के सांस्कृतिक उत्सव वर्चस्व'2011 में पीजीडीएम के प्रथम और द्वितीय वर्ष के 15 छात्रों के एक मेधावी समूह ने आईआईएम राँची का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अनेकों कार्यक्रमों में भाग लिया और कुछ में विजेता भी बने। आईआईएम राँची के क्रिकेट टीम ने अन्य क्रिकेट टीम से कठिन प्रतियोगिता का सामना किया और अंततः द्वितीय रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। पीजीडीएम के प्रथम वर्ष के छात्र सुजीत आनन्द, विकट पाटिल और सुजित कुमार और द्वितीय वर्ष के राहुल सिंह और शंशाक शेखर वाली कैरम टीम ने रजत पदक जीता। 'एलएएन गेमिंग कार्यक्रम-एज ऑफ एम्पायरस' में भी वे रनर अप थे। इन छात्रों ने स्टेज पर भी प्रदर्शन किया और एक नाटक का मंचन किया, जिसे बहुत अधिक सराहना मिली।

13. *ब्लूमबर्ग असेसमेंट टेस्ट (बीएटी):* एक ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन रविवार, दिनांक 28 अगस्त 2011, को आईआईएम राँची के प्रांगण में किया गया। लगभग 70 छात्रों ने (प्रथम और द्वितीय बैच) ने टेस्ट के लिए पंजीयन कराया और लगभग 50 छात्र ऑनलाइन टेस्ट में शामिल हुए। ब्लूमबर्ग वेंचर्स, अनेकों फाइनेंशियल सर्विसेज कम्पनियों के सहयोग से बीएटी के निर्माण में संलग्न था, जो सम्पूर्ण विश्व के अंतरस्नातक छात्रों के लिए एक वैश्विक मूल्यांकन (जाँच) परीक्षा है, जो फाइनेंस (वित्त) या सम्बंधित क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक हैं और जिसके लिए कुछ आर्थिक ज्ञान की आवश्यकता है।

14. *आरोहण-2011:* आईआईएम राँची (2011-13 बैच) के कुछ छात्रों ने संत जेवियर कॉलेज के सांस्कृतिक उत्सव "आरोहण" में भाग लिया, जिसका आयोजन 17 और 18 मार्च 2012 को किया गया था। उन्होंने केवल कुछ ही कार्यक्रमों में भाग लिया, इसके बावजूद उन्होंने "ओवरआल फर्स्ट रनर अप" का पुरस्कार जीतने के साथ व्यक्तिगत और टीम उन सभी कार्यक्रमों में पुरस्कार जीता, जिसमें उन्होंने भाग लिया। उन्होंने जिन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार जीता, उसकी सूची नीचे दी गई है:

1. बिजनेस बैरन (टीम कार्यक्रम) :

प्रथम पुरस्कार- विकट पाटिल, विशाल शेट्टी, यश अग्रवाल, योगेश टाक

2. बिजनेस क्विज (टीम कार्यक्रम) :

प्रथम पुरस्कार- हनुप्रतीक कुंडरु, आकशदीप साह, वरुण शौनिक
द्वितीय पुरस्कार- अभिषेक बसु मल्लिक, अमनदीप सिंह, समीर अग्रवाल

3. दि निगोश्येटर (व्यक्तिगत स्पर्द्धा) :

प्रथम पुरस्कार- यश अग्रवाल

4. अन्ताक्षरी (टीम कार्यक्रम) :

प्रथम पुरस्कार : आकाशदीप साह, विकट पाटिल, विशाल शेट्टी

5. एकल गायन (व्यक्तिगत पुरस्कार):

तृतीय पुरस्कार : विकट पाटिल

15. आईआईएम राँची के छात्रों ने अल्फासीकर 2010, एनएमआईएमएस में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किया

16. पीजीडीएम के प्रथम वर्ष के छात्र *हनु प्रतीक कुंडरू* को न्यूयॉर्क में आयोजित बिजनेस टुडे इंटरनेशनल कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। वह सम्पूर्ण विश्व के 20 देशों के 100 से भी अधिक विश्विद्यालयों के टॉप 150 कॉलेज छात्रों में से एक होंगे, जिसका चयन इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए किया गया है। ये सभी छात्र 70 से भी अधिक फार्च्यून-500 सीईओ और अधिकारीयों से मिलकर उनके साथ विचार-विमर्श करेंगे। इस कांफ्रेंस का आयोजन इस वर्ष 19-22 नवम्बर को न्यूयॉर्क के ग्रैंड ह्यात होटल में किया जायेगा।

टेलीग्राफ के दिनांक 9 अक्टूबर 2011 के अंक में प्रकाशित

आईआईएम राँची की तीन टीमों ने अल्फासीकर 2010 में टॉप 5 में से 3 स्थान जीता, यह प्रतियोगिता नरसी मोंजी के राष्ट्रीय वर्चुअल स्टॉक ट्रेडिंग कम्पटीशन थी, जिसमें 300 से भी प्रतिभागी टीमों ने भाग लिया। आईआईएम राँची की टीम ने अन्य कॉलेजों के टीम को हरा दिया, जिसमें शामिल थे, आईआईएम कलकत्ता, लखनऊ, कोझिकोड, रोहतक, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (हैदराबाद), फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (दिल्ली), एक्सएलआरआई जमशेदपुर, एसपी जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, (मुंबई), मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (गुडगाँव) और इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, (गाजियाबाद) और अन्य संस्थान।

विजेता टीमें इस प्रकार थी:

1. प्रथम स्थान -

सौरभ प्रताप सिंह, कुमार अभिषेक

2. द्वितीय स्थान -

मयंक कुमार, ईश गिरवन

3. चतुर्थ स्थान -

जय वोरा

छात्रों की गतिविधियाँ

समितियाँ

आधारशिला का निर्माण करने के बाद आईआईएम राँची उन ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका इसने वादा किया था। आने वाले वर्षों में इस संस्थान के छात्र इसे महान सफलता प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आईआईएम राँची में हम एक टीम के रूप में एक साथ मिलकर काम करने की योग्यता में विश्वास रखते है। इंस्टिट्यूट (संस्था) ने एक स्टूडेंट रन प्रक्रिया का विकास किया है और छात्रों का उचित मार्गदर्शन संकाय और प्रशोसन के द्वारा किया जाता है।

इंस्टिट्यूट के बहुमुखी विकास को सुनिश्चित करने के लिए, विभिन्न कमिटियों और क्लबों की स्थापना की गई है। कमिटियाँ छात्र संगठनों (निकायों) के समस्याविहीन प्रदर्शन को सुनिश्चित करता है, जबकि क्लब छात्रों को उनकी रूचि के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

एकेडेमिक कमिटी

एकेडमिक कमिटी छात्रों और संकायों के साथ सभी एकेडमिक विषयों पर छात्रों और संकायों के मध्य औपचारिक रूप से एक संवाद-संचार के चैनल के रूप में कार्य करता है, उन एकेडमिक विषयों में कक्षाओं के समय का निर्धारण और पुनर्निर्धारण, शिक्षण के क्षेत्र के गुणवत्ता की ग्रेडिंग, और समीक्षा कक्षाओं की आवश्यता आदि, शामिल हैं। इसके साथ ही यह निरन्तर विकास में सहयोग करने के आलावा, एकेडमिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, जैसे पुस्तकालय, एकेडमिक डाटाबेस आदि, के उन्नयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एकेडेमिक कमिटी संस्थान के नियमावली के आलोक में छात्रों के आचार-संहिता के प्रबंधन के लिए भी उत्तरदायी है। छात्रों के सामान्य लाभ के लिए, सम्बंधित कार्यशालाओं और ज्ञान सत्रों के आयोजन की जिम्मेदारी भी इसके कन्धों पर है।

प्लेसमेंट कमिटी

प्लेसमेंट कमिटी कॉर्पोरेट संबंधों और कॉलेज में प्लेसमेंट से सम्बंधित गतिविधियों के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है।

टेक्नोलॉजी कमिटी

आईआईएम राँची के स्टूडेंट एसोसिएशन के निर्देशन में टेक्नोलॉजी कमिटी कैम्पस में सभी तकनी. की और आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बंधित मुद्दों के लिए उत्तरदायी है। यह सेवाओं के प्रबंधन और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे एलएएन, इन्टरनेट की सुविधा, छात्र-संकाय ईमेल, सर्वर, सॉफ्टवेर एप्लीकेशन, वीडियो कांफ्रेंसिंग, वेबसाईट डिजायन और विकास से लेकर, आईआईएम राँची को ईआरपी, लर्निंग मैनेजम. ेंट सिस्टम्स, लाइब्रेरी मैनेजमेंट, नए प्रक्रियाओं और सॉफ्टवेर के अनुप्रयोग के द्वारा होने वाले कार्यों को जैसे नामांकन, शुल्क भुगतान, कोर्स मैनेजमेंट, आदि को स्वचालित करने के लिये नवीन और

अत्याधुनिक तकनीकों को लागू करने में सहायता करता है और उपयुक्त सलाह प्रदान करता है। तकनीकी समिति आईआईएम राँची को सर्वश्रेष्ठ तकनीकी सुविधा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इसके साथ ही यह सभी प्रकार के ज्ञान प्रबंधन के कार्यों और छात्र संगठन (स्टूडेंट एसोसिएशन) के अधीन छात्र संगठनों के सॉफ्टवेर और टेक्नोलॉजी से सम्बंधित सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी उत्तरदायी है।

स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमिटी

आईआईएम राँची मे हमारा यह विश्वास है कि सांस्कृतिक और खेल के कार्यक्रम छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्णरूप से सुसज्जित व्यायामशाला (जिम्नेश्यिम) छात्रों को अपना पसीना बहाने का अवसर प्रदान करता है ताकि वे इस कठिन दैनिक रूटीन में शारीरिक रूप से तंदुरूस्त (फिट) बने रह सकें। व्यायामशाला (जिम्नेश्यिम) के अतिरिक्त, हॉस्टल में इनडोर और आउटडोर दोनों की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इनडोर सुविधाओं में कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस आदि शामिल हैं, और विश्वस्तरीय आउटडोर खेल की सुविधायें खेलगांव में उपलब्ध कराई गई हैं, जो हॉस्टल से कुछ ही दूरी पर स्थित है। आउटडोर सुविधाओं में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, बास्केटबॉल, तैराकी आदि शामिल हैं। संस्था के द्वारा यथासंभव विभिन्न प्रकार के अंतर-कॉलेज टेबिल टेनिस, कैरम, क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।

स्टूडेंट फैसिलिटीस कमिटी

जब बात पूर्ण रूप से आवासीय कार्यक्रम की होती है, तब छात्रों को उपलब्ध कराये गए सुविधाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। छात्र अपना कैरियर बनाने के लिए अपने घरों को छोडते हैं। चूँकि संस्था में सम्पूर्ण भारत के छात्र प्रवेश लेते हैं, अतः स्टूडेंट फैसिलिटी कमिटी (एसएफसी) यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छात्र को उसके रूची के अनुसार पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन वर्ष भर उपलब्ध कराया जाये, जिसमें उत्तर भारतीय व्यंजन से लेकर दक्षिण भारतीय व्यंजन और चाइनीज व्यंजन, जिसे देखकर मुंह में पानी भर आता है, सभी प्रकार के भोजन उपलब्ध कराया जाता है, ताकि सभी छात्रों को संतुष्ट किया जा सके। कैंटीन सारी रात खुला रहता है, ताकि आधी रात के समय भी छात्रों के भोजन की इच्छा को पूर्ण किया जा सके। समय-सारणी के अनुसार आने-जाने के लिए वाहन भी प्रदान किया जाता है। मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिए विशेष आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रहरी हॉस्टल की सुरक्षा में संलग्न रहते हैं, इस प्रकार हॉस्टल पूर्णरूप से सुरक्षित रहता है। हाउसकीपिंग और लॉंड्री सेवा नियमित अन्तराल पर उपलब्ध कराई जाती है। एसएफसी यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को आईआईएम राँची में उनके प्रवास के दौरान वर्ष भर शांति और सुविधा प्राप्त हो।

लिटरेरी और मीडिया पीआर कमिटी

लिटरेरी और मीडिया पीआर कमिटी बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य का संचालन करता है इस कमिटी के सदस्य दुनिया की आँखों में संस्था के ब्रांड की छवि को प्रतिष्ठापित करने मे अतिमहत्वपूर्ण कार्य का संपादन करते हैं।

लिटरेरी और मीडिया पीआर कमिटी के सदस्यों के मध्य सहयोग की आवश्यकता है ताकि दोनों कमिटियाँ उचित प्रकार से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सके। लिटरेरी कमिटी प्रशासन के साथ-साथ शिक्षण के क्षेत्र के कर्मचारियों से भी विचार विमर्श कर त्रैमासिक न्यूजलेटर और वार्षिक पत्रिका में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रकाशन सुनिश्चित करता है। मीडिया के लिए, पीआर कमिटी मीडिया के साथ संबंधों को बढावा देता है, ताकि आईआईएम राँची द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का प्रचार हो सके।

एलुम्नी एंड इंटरनेशनल रिलेशनस कमिटी

एलुम्नी एंड इंटरनेशनल रिलेशनस (एआईआर) कमिटी अन्य असंख्य जिम्मेदारियों के साथ, कॉर्पोरेट रिलेशनस कमिटी का भी सहयोगी है। यह संसार के अन्य महत्वपूर्ण बी-स्कूलों के साथ सम्बन्ध स्थापित करने का कार्य करता है, ताकि छात्र स्थानान्तरण कार्यक्रम को लागू किया जा सके, जो प्रसिद्ध बी-स्कूलों के पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वैश्विक परिदृश्य में, विविध संस्कृतियों का अनुभव प्राप्त करना किसी व्यक्तित्व को सशक्त और आकर्षक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है, और इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी इस समिति को सौंपी गई है। यह कमिटी यह भी सुनिश्चित करती है कि आईआईएम राँची ब्रांड को अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो। एलुम्नी कॉलेज के विरासत का एक महत्वपूर्ण भाग है । इसलिए एल्मुनी के साथ नेट्वर्किंग, कार्यशालाओं के माध्यम से एल्मुनी के बीच संवाद-संपर्क को बढ़ावा देना, व एकीकरण और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एआईआर कमिटी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है।

क्लबस्

फिनेस्से - दि फाइनेंस क्लब

फाइनेंस के लिए एक क्लब फिनेस्से की शुरूआत एक छात्र के पहल पर की गई जो छात्रों में फाइनेंस (वित्त) क्वोशन्ट को पुष्ट करने और बढ़ाने के लिए समर्पित है। साथ ही यह इंडस्ट्री के सहयोग से संबंधों के विकास के लिए समर्पित है। फिनेस्से का कार्य छात्रों को फाइनेंस (वित्त) के क्षेत्र की रहस्यों को जानने-समझने में सहायता कर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना है। यह अपने सदस्यों को एक प्लेटफार्म प्रदान करता है जिससे कि उन्हें कॉर्पोरेट फाइनेंस (वित्त), कैपिटल मार्केट्स, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, एंड अन्य सम्बंधित क्षेत्र के नवीनतम और अद्यतन ट्रेंड्स और विकास के परिचय, इंडस्ट्री से अपने संबंधों के द्वारा प्रदान करें, और इसके लिए क्लब नवीनतम आर्थिक और वित्त (फाइनेंस) के विषयों पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त क्लब एक त्रैमासिक पत्रिका का भी प्रकाशन करता है, जो विभिन्न सेक्टरों के विश्लेषण और स्टॉक मार्केट से सम्बंधित नवीनतम घटनाओं को प्रकाशित करता है।



मारक्वेस - दि मार्केटिंग क्लब

मारक्वेस, आईआईएम राँची का मार्केटिंग क्लब, छात्रों में मार्केटिंग की चाहत और रुचि जगाने के लिए समर्पित है और यह संभावित मार्केटिंग (विपणन) मैनेजरों को आवश्यक फिनेस्से (वित्त का आवश्यक ज्ञान) प्रदान करता है। मारक्वेस, विभिन्न सम्मेलनों, क्विजों और कार्यशालाओं के माध्यम से उन संकल्पनाओं और विचारों के प्रकटीकरण पर अपना ध्यान केन्द्रित करता है, जो कंपनियों को उनके ग्राहकों की व्यापक जरूरतों और संकीर्ण इच्छाओं, को पूर्ण करने में सहायक है, जो संस्थाओं के जीवित रहने का सिद्धांत है।

यह क्लब विभिन्न सम्मेलनों, सेमिनारों और बाजार के अनुसन्धान (मार्केट रिसर्च) के कार्यों का आयोजन करता है। मनोरंजन से युक्त विज्ञापन-निर्माण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के अलावा, क्लब विभिन्न संस्थाओं का केस एनालिसिस और कंपनियों के लाइव (सजीव) केस स्टडीज के माध्यम से उपयोग में लाये जा रहे उपायों और प्रथाओं का व्यवहारिक सम्पर्क अनुभव प्रदान करता है। इसके साथ क्लब वीकली न्यूजलेटर्स का प्रकाशन भी करता है, और यह अगले वर्ष मार्च से पूर्व अपने त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन के लिए भी प्रयत्नशील है।

संक्रिया - दि ऑपरेशनस क्लब

एकेडमिक अनुशासन से परे ऑपरेशनस रिसर्च और मैनेजमेंट के क्षेत्र में छात्रों को अवसर और चुनौतियां प्रदान कर, यह क्लब रूचियों को जगाने के लिए प्रयत्नशील रहता है। यह संस्थाओं के वस्तुओं और सेवाओं के निर्माण, उत्पादन, और डिलीवरी के साथ इसके व्यवसायिक जटिलताओं से जुड़ी गतिविधियों को खोजने के लिए प्रयत्नशील रहता है। क्लब साप्ताहिक कार्यक्रमों के आयोजन जैसे प्रस्तुतीकरण, अतिथि व्याख्यान, और उद्योग जगत में विद्यमान विभिन्न प्रथाओं जैसे सिक्स सिग्मा और लीन मैन्युफैक्चरिंग, आदि के द्वारा छात्रों के मन-मस्तिष्क को उत्तेजित करने का प्रयास करता है। यह छात्रों को नए फ्रेमवर्क, मॉडल्स और ट्रेंडस को खोजने का भी अवसर प्रदान करता है। क्लब इंटर और इंट्रा कॉलेज स्तर के केस स्टडीज का भी आयोजन करता है।

गतिविधियाँ

- यह कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्द्धाओं का आयोजन करता है, जिसमें उनके अनुशासन से सम्बंधित व्याख्यान, क्विज और कार्यशालाओं का आयोजन शामिल है।
- यह इच्छुक सदस्यों के लिए अवसरों की खोज करता है ताकि वे अपने अनुशासन विशेष से सम्बंधित लाइव प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकें।

कॉनुन्ड्रम - दि कंसल्टिंग क्लब

आईआईएम राँची का कंसल्टिंग एंड स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट क्लब मैनेजमेंट कंसल्टिंग में एक सफल कैरियर बनाने के लिए बी-स्कूल के वातावरण से एक सहज संक्रमण की सुविधा प्रदान करता है। क्लब छात्रों को कंसल्टिंग इंडस्ट्री से संवाद का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराता है। कॉनुन्ड्रम प्रतिस्पर्द्धाओं के आयोजन, कक्षाओं में पढ़ाये वाले सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग के द्वारा, विभिन्न प्रकार के बड़े, मध्यम, और लघु श्रेणी के उद्योग द्वारा सामना किये जाने वाले समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करता है। इसके साथ क्लब कंसल्टिंग इंडस्ट्री (परामर्शी उद्योग) के प्रमुख हस्तियों के द्वारा अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन करता है, जिससे कि छात्र इस सेक्टर के विभिन्न कठिनाईयों से परिचित हो सकें।

ई-सेल - एंटरप्रेंयूशिप क्लब

एंटरप्रेन्योर फ्रेंच भाषा से लिया गया एक शब्द है, जिसे सर्वप्रथम अर्थशास्त्री रिचर्ड कैन्तिल्लों ने परिभाषित किया था। जीन बाप्टिस्ट ने 'एंटरप्रेन्योर' शब्द को गढ़ने का कार्य किया था और इसे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया, जो कार्य को अपने हाथों में लेता है। अपने अर्थ (मतलब) के सार के समझते हुए एंटरप्रेंयूशिप क्लब छात्रों के मध्य एंटरप्रेंयूर्शिप को विकसित करने में उत्प्रेरक का कार्य करता है।

आईआईएम राँची का रचनात्मक समकक्ष व्यक्तिओं का दल सोचने-विचारने की प्रक्रिया को उत्तेजित करने की प्रक्रिया का संचालन समान रुचिवाले व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों के द्वारा करता है और इस प्रकार वैसे विचारों के पोषण में सहायता करता है जो नवीन कार्यों को प्रोत्साहित करने में सक्षम हों।

गतिविधियाँ

- सामाजिक और व्यवसायिक योजनाओं के लिए इंटर और इट्रा कॉलेज प्रतिस्पर्द्धाओं का आयोजन
- एंटरप्रेंयूर्शिप कार्यशाला में भाग लेने की उनके रूची को जगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना व जागरूकता को बढ़ाना
- एसएमई के साथ कार्य करते हुए संवादात्मक सत्रों का आयोजन करना
- वेंचर कैपिटलिस्ट और एंजेल इन्वेस्टर्स के साथ संवादात्मक सत्रों का आयोजन करना।

समर्पण - दि सीएसआर क्लब

एक न्यायप्रिय, सहिष्णु, और संपन्न समाज की स्थापना और उसके चिरस्थायीकरण के अपने प्रयास में, आईआईएम राँची ने हमेशा ही विभिन्न शेयरधारकों के साथ सहयोग करने पर जोर दिया है। वास्तविक चुनौती समस्याओं को उभारना नहीं है, बल्कि उन समस्याओं की जड़ों को पहचानकर उसके निवारण के लिए कुछ व्यवहारिक और लागू करने योग्य उपायों को सुझाना है, और यह क्लब इसी उद्देश्य की पूर्ति में संलग्न है।

हम स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं और वंचित छात्रों के लिए कक्षाओं का संच. ालन करते हैं। समाज में उपस्थित विभिन्न सामाजिक विषयों पर केस स्टडीज का आयोजन किया गया, जिससे कि हम जिस समाज में रहते हैं, उसकी एक सम्पूर्ण रूपरेखा खींची जा सके।

इन प्रमुख क्लबों के अतिरिक्ति, कुछ विशेष रुचि के क्लब जैसे कि सिने क्लब, संगीत क्लब, फोटोग्राफी क्लब भी कैम्पस में सक्रिय हैं, जो छात्रों के रूचि और शौक को पूरा करने का कार्य करते हैं।

अतिथि व्याख्यान

कई अतिथि व्याख्यान का आयोजन वभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा किया गया

- *"एंट्रप्रेनुर्शिप"* प्रोफेसर दीपक श्रीवास्तव फिनलैंड, यूरोप, जुलाई 2011

- *"रिटेल मैनेजमेंट"* प्रोफेसर विद्युत के आचार्य, इंडिपेंडेंट मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट प्रोफेशनल, कोलकाता, अगस्त 2011

- *"ऑन गेम थ्योरी"* श्री एस के दास, सितम्बर 2011

- *"टर्नअराउंड (दौर) ऑफ एचईसी"* श्री जी के पिल्लई, सीएमडी, एचईसी, राँची

- *"रिलेवेसं ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशनस फॉर इकनोमिक डेवलपमेंट"* श्री एच सतीश रॉव, पूर्व महानिदेशक, एशियन डेवलपमेंट बैंक, मनीला, फिलिपीन्स।

- *"वर्किंग विथ इमोशनल इंटेलिजेंस एंड प्राइमल लीडरशिप"* डॉ. आर के रॉय, निदेशक, सेंटर फॉर ट्रेनिंग इन प्राइमल लीडरशिप - एशिया, राँची

- *"फ्यूचर ऑफ बैंकिंग क्रिस्टल बॉल गेजिंग"* श्री वी श्रीनिवासन, महाप्रबंधक, पीएनबी, चेन्नई

- *"ईवीपी एंड हेड-सप्लाई चेन, वोडाफोन"* श्री वी.के.एम. रेड्डी,12 अक्टूबर 2012

- श्री श्रमण झा, एसवीपी एनआईआईटी, 24 अक्टूबर 2011

- *"अन्लेशिंग दि पोटेंशियल इन यू"* श्री एलेन सिक्वि. रा एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट- ग्रुप एचआर महिंद्रा ग्रूप, 10 नवम्बर 2011

- *"इन्वेस्टमेंट बैंकिंग"* श्री अभिषेक भगत, एमडी, एलारा कैपिटल, 13 नवम्बर 2011

- *"बिजनेस मेगा ट्रेंड्स एंड एचआर 2020"* श्री नदीम काजिम, निदेशक (एचआर - परसोंनेल), एक्साइड इंडस्ट्रीज लि. कोलकाता, 14 नवम्बर 2011

- *"नेचर, एनवायरनमेंट एंड डिजास्टर मैनेजमेंट"* श्री बी. के. भारत भूषण एंव सुश्री बी के जया, ब्रह्म कुमारी, 15 नवम्बर 2011

- *"कोल्लेबोट ओर पेरिशः हाउ आईटी इस एनेब्लिंग न्यू बिजनेस स्ट्रक्चरस"* डॉ. के विश्वा विश्वनाथन, 22 नवम्बर 2011

- *"सोशल मीडिया मार्केटिंग"* डॉ. मोहन लाल अग्रवाल, प्रोफेसर ऑफ मार्केटिंग, आईएमटी दुबई, 2 दिसंबर 2011

- *"इनर डेवलपमेंट"* प्रोफेसर रामनाथ नारायणस्वामी, प्रोफेसर ऑफ इकोनॉमिक्स एंड सोशल साइंसेज, आईआईएम बंगलौर 6 -7 दिसम्बर 2012

- *"इंटरनेशनल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट"* प्रोफेसर बिनय आनन्द, मेनेजर, इंजीनियरिंग सिस्टम्स, शिकागो ब्रिज एंड आयरन, ह्यॉस्टन, टेक्सास, 15 दिसंबर 2011

- *"लीडरशिप डेवलपमेंट"* श्री दीपक भरारा, निदेशक - कॉर्पोरेट एचआर, लैंको इन्फ्राटेक लि. 4 जनवरी 2012

- *"डाटा डेवलपमेंट"* प्रोफेसर सुभाष सी रे, प्रोफेसर ऑफ इकोनॉमिक्स, कनेक्टिकट विश्वविद्यालय, यूएसए, 2 - 3 जनवरी 2012

उद्योग सहभागिता (कोलोक्कियम)

आईआईएम राँची ने अपने अद्वितीय संकल्पना के अंतर्गत कोलोक्कियम 2011 का आयोजन किया ताकि इसके छात्रों के लिए कॉर्पोरेट संवादों के अवसरों में वृद्धि हो सके।

कुछ प्रसिद्ध गणमान्य अतिथि जिन्होंने कोलोक्कियम 2011 में भाग लिया

श्री अनूप बागची,
एमडी एंड सीईओ, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज

श्री अजय गर्ग,
फौन्डर एंड एमडी इक्विरस कैपिटल

श्री मार्कंड खताव्कर,
हेड - एचआर, डियूक बैंक

श्री अतुल सिन्हा,
वीपी - न्यू बिजनेस डेवलपमेंट, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज

श्री एम किशोर गांधी,
एमडी, जे पी मॉर्गन

श्री राजेश पद्मनाभन,
हेड - एचआर, कैपजेमिनी

श्री गजेन्द्र नागपाल,
फौन्डर एंड सीईओ, यूनिकॉन फाइनेंश्यिल इंटरमीडियरीज

श्री एसवी नाथन,
डाइरेक्टर - टैलेंट, डेलोइट

सुश्री गीतू वर्मा,
एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, पेप्सिको

श्री एलेन सिक्विरा
ईवीपी- एचआर, महिंद्रा एंड महिंद्रा

श्री संजेश ठाकुर,
पार्टनर, ई एंड वाई

श्री के श्रीराम,
प्रेसिडेंट - सेल्स एंड मार्केटिंग, पीडीलाईट इंडस्ट्रीज

श्री अभिषेक भगत,
एमडी, एलोरा कैपिटल

श्री श्रमण झा,
एसवीपी, एनआईआईटी

श्री भास्कर प्रसाद,
एसवीपी, सिटीबैंक

सुश्री रेवती कस्तुरे,
हेड ऑफ रिसर्च, केयर रेटिंग

श्री एन ई श्रीधर,
सीनियर मैनेजर - बिजनेस एक्सलेंस, टाइटन इंडस्ट्रीज

श्री अजोय लोधा,
पार्टनर, सिंघी एडवाइजरस

श्री पल्लव सिन्हा,
फौन्टर एंड सीईओ, फुल्लरटोन सिक्योरिटीज

सुश्री सांड्रा मॉटिरस
डिप्टी सीईओ, सोसाईट जेनरल

सुश्री शैली गुप्ता,
ग्रुप एचआर हेड, एडेलवीस कैपिटल

श्री घनश्याम दास खंडेलवाल
डायरेक्टर एंड हेड, स्ट्रेटेजिक ट्रेन्जेक्शसं ग्रुप (इन्वेस्टमेंट बैंकिंग), एचएसबीसी

श्री उत्कर्ष मजुमदार,
वीपी ग्लोबल रिसर्च (इक्विटी रिसर्च), एचएसबीसी

श्री आलोक मोहापात्रा,
डायरेक्टर, बीएनपी परिबास

श्री गणेसन अम्पलावानर,
एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, नेस्ले इण्डिया

श्री मनीष सिन्हा,
निदेशक - एचआर, बेक्टन डिकिन्सन

श्री अरूण नागराजन,
हेड , फोरेक्स एंड डेरिवेटिव्स, कोटक महिंद्रा बैंक

श्री वीकेएम रेड्डी,
ईवीपी एंड हेड - सप्लाई चेन, वोडाफोन

श्री नदीम काजिम,
निदेशक (एचआर एंड परसोनेल), एक्साइड इंडस्ट्रीज

सम्मेलनों, कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन

आरम्भ

प्रथम इंटर-कॉलेज कार्यक्रम, आरम्भ का आयोजन दिनांक 15 अगस्त 2011 को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता की भावना को सशक्त बनाते हुए, युवा और उत्साही दिलों को उनके देश प्रेम और आदर के भाव को प्रकट करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करना है। इसका आरम्भ "फ्रीडम रन" एक पांच किलोमीटर के मैराथन दौड़ के साथ आरम्भ हुआ। झंडोत्तोलन के बाद अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम के तुरन्त बाद, राँची के आस-पास के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने एक चित्रकारी प्रतियोगिता "मन की उड़ान" में भाग लिया। इसके बाद एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता "कॉनुन्ड्रम" का आयोजन किया गया। एक्सएलआरआई, एक्सआईएसएस, आईसीएफएआई, बीआईटी मेसरा आदि के छात्रों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया। इसके बाद प्रतियोगिता ने अधिक गंभीर और विचारोत्तेजक दौर में प्रवेश किया, जिसका शीर्षक था "वॉर ऑफ वर्ड्स"। अंत में एक नाटक, "हम एक है" का मंचन किया गया, जिसने बड़ी खूबसूरती से भारतीयों के मध्य एकता की भावना को प्रदर्शित किया।

हिन्दी पखवाड़ा

भारत सरकार के निर्देश के आलोक में, आईआईएम राँची ने भी दिनांक 13 अक्टूबर 2011 से शुरू करते हुए हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया।

पखवाड़े के दौरान, विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन संस्था के कर्मचारियों और छात्रों के मध्य किया गया, ताकि हिन्दी को कार्यालयी भाषा के रूप में प्रोत्साहित किया जा सके। वहां प्रतिस्पर्द्धाओं जैसे एक्स्टेम्पोर, डिक्टेशन, रिसाइटेशन और क्रॉस-वर्ड का आयोजन पृथक रूप से छात्रों और कर्मचारियों के लिए किया गया।

पखवाड़े का उद्घाटन संस्था के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान एक सामान्य ओपन हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों और कर्मचारियों के लिए किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समाप्ति समारोह के अवसर पर हिन्दी गानों की एक 'अन्ताक्षरी' का आयोजना किया गया, जिसमें 5 टीमों ''सा रे गा मा पा'' (3 टीम छात्रों की ओर से और 2 कर्मचारियों की ओर से) ने भाग लिया। विजेता और प्रथम रनर अप छात्रों की टीम रही, जबकि
द्वितीय रनर अप कर्मचारियों की टीम रही।

समाप्ति समारोह के दौरान अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को व्यक्तिगत ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। निदेशक प्रोफेसर जेवियर, डीन प्रोफेसर सुबीर वर्मा, और महाप्रबंधक (प्रशासन), श्री राजेश ई पात्रो, ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित किया और देश के कार्यालयी भाषा के रूप में हिन्दी के महत्त्व को रेखांकित किया। इन सभी कार्यक्रमों का डिजायन, योजना और आयोजन प्रशासकीय अधिकारी श्री जी. जिलानी के द्वारा किया गया।

सभी कार्यक्रम बहुत अधिक सफल सिद्ध हुए और छात्र समुदाय तथा कर्मचारियों ने इसकी बहुत प्रशंसा की। मीडिया को भी आमंत्रित किया गया था, और उसने प्रशंसा के साथ सभी कार्यक्रमों का बेहतर कवरेज किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन केन्द्रीय सतर्कता आयोग के द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है। दिनांक 14 नवम्बर 2011 को आईआईएम राँची के सभी कर्मचारियों ने एक प्रतिज्ञा ली।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन से सरकारी विभागों, संस्थाओं, और लोगों के बीच जागरूकता का विकास होता है और यह उन्हें प्रत्येक स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रेरित करता है। यह वर्तमान व्यवस्था को भ्रष्टाचार निरोधक उपायों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे कि प्रशासन में पारदर्शिता और जिम्मेदारी को बनाये रखा जा सके। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करना है।

कैंडल लाइट मार्च

आईआईएम राँची ने दिनांक 19 नवम्बर 2011 को एक कैंडल लाइट मार्च का आयोजन श्री मंजुनाथ शंमुगम की स्मृति में किया, जो आईआईएम लखनऊ के अल्मुनी थे, और वे भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में शहीद हो गये। उन्होंने घूस लेने से इंकार कर दिया और तेल में मिलावट करने वालों के धमकियों से नहीं डरे। आईआईएम राँची के सभी छात्रों ने इस कैंडल लाइट मार्च में भाग लिया और उन्होंने अपने जीवन में सच्चाई और ईमानदारी के नैतिक मूल्यों को बनाये रखने की प्रतिज्ञा की। शपथ का निर्देशन आईआईएम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर ने किया, जिन्होंने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में पारदर्शिता और अखंडता के महत्त्व को रेखांकित किया। मंजुनाथ की अखंडता को सलाम करते हुए, आईआईएम राँची ने आईआईएम संस्था के सभी छात्रों के साथ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

चेंज दि माइंड - माइंड दि चेंज

दिनांक 19 नवम्बर 2011 को आईआईएम राँची एवं सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ साइक्याट्री राँची के संयुक्त तत्वाधान में "न्यूरो मैनेजमेंट" पर एक विशेष कार्यशाला जिसका शीर्षक "चेंज दि माइंड - माइंड दि चेंज" का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को इस नये व विशिष्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की झलक प्रस्तुत करने के साथ आईआईएम राँची एवं सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ साइक्याट्री राँची के द्वारा संयुक्त रूप से किये जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम और कवरेज :

- आईआईएम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर ने स्वागत भाषण दिया।
- सेंट्रल इंस्टिट्युट ऑफ साइक्याट्री, राँची के निदेशक डॉ. एस हक निजामी ने मुख्य अतिथि के रूप में दर्शको को संबोधित किया।
- सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ साइक्याट्री के डॉ. निशांत गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने उद्गार व्यक्त किये।
- दैनिक भास्कर, राँची के श्री अमित धवन ने भी दर्शकों को संबोधित किया।
- आईआईएम राँची के डीन प्रोफेसर सुबीर वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

न्यूरो-मार्केटिंग स्टडी इन इंडिया के निष्कर्ष

डॉ दीपाली सिंह, इन्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, ग्वालियर।

न्यूरो-मैनेजमेंट - ए रिसर्च एजेंडा

सुश्री जया मेहरोत्रा, फैकल्टी रिसर्च एसोसिएट - आईआईएम राँची और श्री अजित मेनन, डेंट्सु एडवरटाइजिंग, बंगलौर।

ट्रान्संडेटल मैडिटेशन - न्यूरो इफेक्ट

डॉ. लेन वेग्गर, अन्तराष्ट्रीय निदेशक, महर्षि कॉर्पोरेट डेवलपमेंट प्रोग्राम, नई दिल्ली।

एमएसएमई कार्यशाला

दिनांक 7 दिसम्बर 2011 को एमएसएमई सेक्टर के विभिन्न शेयरधारकों का एक समूह जैसे बैंकर्स, बुद्धिजीवी, और सरकारी अधिकारियों ने एमएसएमई सेक्टर के विभिन्न अवसरों और इसके समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए एक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का आयोजन आईसीसी (इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स) के द्वारा किया गया था और इसे "एमएसएमई लिंकेज एंड पार्टनरशिप, एम्पावरिंग स्माल बिजनेस विथ स्पेशल फोकस टु ईस्टर्न इण्डिया" के नाम से संबोधित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखण्ड के उप-मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन थे जिन्होंने एमएसएमई के द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को आश्वस्त किया कि सरकार इस सेक्टर को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एचआर कॉन्क्लेव (सम्मलेन)

आईआईएम राँची ने अपने वार्षिक एचआर कॉन्क्लेव (सम्मेलन) का आयोजन दिनांक 10 दिसम्बर 2011 को "होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमेन कैपिटल" विषय पर किया। सम्मेलन को कॉर्पोरेट के साथ-साथ एचआर क्षेत्र के प्रसिद्ध हस्तियों की उपस्थिति ने यादगार बनाया। वर्ष 2012 से आईआईएम राँची एक 2 वर्षीय पीजीडीएचआरएम कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह देश का प्रथम आईआईएम है जो एचआर के लिए समर्पित कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहा है। विचार-विमर्श को एक्सएलआरआई के एकेडमिक-डीन डॉ. प्रनाबेश रे ने अधिक आकर्षक बनाया, उन्होंने विश्व के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट संस्थानों में अध्यापन किया है। उद्घाटन भाषण आईआईएम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर ने दिया। उन्होंने अपने भाषण में विभिन्न क्षेत्रों में संस्थाओं की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुरूप एचआर के समक्ष उभरती हुई चुनौतियों पर बल दिया।

आईआईएम राँची का प्रथम बैच वर्ष 2012 में ग्रेजुएट हो जाएगा और एक छात्र कॉलेज के वातावरण से कॉर्पोरेट जगत में पदार्पण के दौरान जिन चुनौतियों का सामना करता है, उसके बारे में भी सम्मलेन में विचार-विमर्श किया गया। श्री. योगेश मारिवाल्ला, इंडेक्स एडवाइजरी के संस्थापक ने इंडस्ट्री से जुड़ने से पहले एक व्यक्ति विशेष के विभिन्न कौशलों को विकसित करने तथा उसके मुख्य योग्यताओं को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री असित मोहापात्रा, एचआर के निदेशक, रेमंड लि. ने संस्थाओं के यथास्थिति की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्था के सकल उत्पादकता में बढ़ोतरी के लिए नये विचारों का समावेश आवश्यक है।

3आई-इन्फोटेक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और हेड-एचआर सुश्री अल्का तिवारी ने एचआर क्षेत्र में आधुनिक मुद्दों और संघर्षों को रेखांकित किया। व्यवसाय की निरन्तर परिवर्तनशील आवश्यकताओं के कारण एचआर मैनेजरों द्वारा सामना किये जाने वाले चुनौतियों के बारे में बताया। श्री मानस पांडा, एसएआईएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने संक्षेप में अत्यंत महत्वपूर्ण पूंजी और संसाधनों के मध्य अंतर को रेखांकित किया और इन तथ्यों की विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से पुष्टि की। उन्होंने एक पीएसयू में कार्य करने वाले एचआर के समक्ष आने वाले जटिलताओं के बारे में बात की। आईआईएम राँची के डीन प्रोफेसर सुबीर वर्मा ने समापन भाषण दिया। आईआईएम राँची इस आयोजन को आने वाले वर्षों में महान उंचाई पर पहुँचाने की कामना करता है।

समर्पण

"समर्पण", एक सेमिनार-सह-पेपर प्रस्तुतीकरण प्रतिस्पर्द्धा, आईआईएम राँची का वार्षिक सामाजिक जिम्मेदारी का कार्यक्रम है। इसका उद्घाटन दिनांक 18 दिसम्बर 2011 को आईआईएम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम जे जेवियर ने किया और उद्घाटन भाषण आईआईएम राँची के डीन प्रोफेसर सुबीर वर्मा ने दिया। पाठ्यक्रम "व्यवसाय का सामाजिक पहलू" के एक भाग के रूप में आईआईएम राँची के प्रथम वर्ष के छात्रों को झारखण्ड राज्य में विद्यमान सामाजिक समस्याओं पर एक प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है। संस्था तीन श्रेष्ठ प्रोजेक्टस का चयन कर उसे समर्पण के सार्वजनिक क्षेत्र में प्रस्तुत करेगी। इन समस्याओं पर पेपर झारखण्ड के समस्त कॉलेजों से आमंत्रित किया गया, ताकि झारखण्ड के प्रतिभावान छात्रों को इस विषय पर विचारों से अवगत किया जा सके।

एक न्यायप्रिय, सहिष्णु और संपन्न समाज की स्थापना और उसके चिरस्थायीकरण के अपने प्रयास में, आईआईएम राँची ने हमेशा ही विभिन्न शेयरधारकों के साथ सहयोग करने पर जोर दिया है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है,

"समर्पण" उन सभी महान आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि है जिन्होंने मानवजाति को आगे बढ़ाने का उत्साह और साहस दिखाया, साथ ही यह उन लोगों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने का माध्यम भी है जो हमारे समाज में विद्यमान तीव्र विभाजन के कारण निरंतर पीड़ित और शोषित होते आये हैं। झारखण्ड, जहाँ खनिजों और अन्य दुर्लभ पदार्थों का सर्वाधिक भंडार है, भारत के विकास की गति के साथ कदम मिलाकर चलने में असफल रहा है। झारखण्ड अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है और कुछ सीमा तक ये चुनौतियाँ सभी लोगों को ज्ञात हैं। इस वर्ष जिन 3 विषयों का चयन किया गया, उनमें शामिल है, जादूगोड़ा के लोगों पर यूरेनियम उत्खनन का प्रभाव, एचईसी के परिसर से लोगों का विस्थापन, और झारखण्ड में ग्रामीण शिक्षा के समक्ष चुनौतियाँ।

आईआईएम राँची को झारखण्ड के श्रेष्ठ कॉलेजों से अत्यधिक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। इसने इन विषयों पर 40 से अधिक पेपर प्राप्त किये, जिसमें से 12 पेपर का चयन जजों के विद्वान समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए किया गया, जिसमें शामिल थे राँची विश्विद्यालय के प्रोफेसर रमेश शरण, और आईआईएम राँची के प्रोफेसर अमरेन्दू नंदी। प्रस्तुतीकरण के एक कठिन दौर के बाद प्रश्न-उत्तर का दौर चला और तब जाकर दो सर्वश्रेष्ठ पेपर का चयन किया गया। प्रथम पुरस्कार बीआईटी लालपुर के छात्रों ने जीता और द्वितीय पुरस्कार उषा मार्टिन अकादमी के छात्रों को दिया गया। तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार क्रमशः झारखण्ड के केन्द्रीय विश्वविद्यालय और आईआईटी रुरकी के छात्रों ने जीता।

आईआईएम राँची झारखण्ड राज्य के सामाजिक समस्याओं को सुलझाने के अपने अथक प्रयासों के अंतर्गत दो सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत करेगा, जो भविष्य में झारखण्ड सरकार को क्रियान्वयन के लिए व्यवहारिक सुझाव प्रदान करेगा। आईआईएम राँची सर्वश्रेष्ठ सिफारिशों को केंद्र सरकार को भेजने की योजना पर कार्य कर रहा है, जिसका क्रियान्वयन केंद्र सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है। आईआईएम राँची का लक्ष्य इस कार्यक्रम को आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की योजना है, जहाँ राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों पर चर्चा की जायेगी।

नेशनल नॉलेज नेटवर्क (एनकेएन) का उद्घाटन

भारतीय प्रबंध संस्थान राँची, एनकेएन (एचआरडी मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक कार्यक्रम) का एक भाग बन चुका है, जिसका लक्ष्य अन्य आईआईएम और आईआईटी के साथ अविलम्ब कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है, जिससे एकेडमिक विचारों का आदान-प्रदान सुगमता से हो सके। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए, आईआईएम राँची को एनकेएन का 100 एमबीपीस का बैंडविड्थ उपलब्ध कराया गया है, जिसमें रेलटेल सर्विस (सेवा) प्रदाता की भूमिका निभा रहा है। यह नेटवर्क ज्ञान के आदान-प्रदान को वर्चुअल कक्षा, पुस्तकालय के संसाधन, अत्यंत तीव्र गति से इन्टरनेट ब्राउजिंग और अन्य एकेडमिक गतिविधियों के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान आरम्भ में आईआईएम और आईआईटी के साथ उपलब्ध कराएगा और भविष्य में इसे संसार के अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थाओं तक उपलब्ध कराने की योजना है। एक न्यूरो-मैनेजमेंट और अन्य विशेष कोर्स को आरम्भ करने के लिए सभी व्यवस्थाओं के उपलब्ध होने के साथ, आईआईएम राँची से एनकेएन के माध्यम से जुड़ने वाली संस्थाएं भी लाभान्वित होंगी। यह सुविधा प्रसिद्ध संस्थाओं में पहले दिए जा चुके व्याख्यानों तक पहुँचने में भी सहायता करेगा। एनकेएन का उद्घाटन श्री सुबास पाणी (आईएएस), आईआईएम-राँची के शासी बोर्ड के माननीय सदस्य ने दिनांक 19 दिसम्बर 2011 को किया। उद्घाटन के उपरांत, प्लेटफार्म पर उपस्थित सदस्यों ने डीजी एनआईसी, नई दिल्ली के साथ विचार-विमर्श किया।



टीईडीएक्स

आईआईएम राँची ने अपने वार्षिक टीईडीएक्स, एक अन्तराष्ट्रीय सम्मलेन के उद्घाटन का आयोजन दिनांक 19 फरवरी 2012 को सफलतापूर्वक किया। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने मुख्य विषय "कैटेलाइजिन्ग चेंज" पर अपने विचार और दृष्टिकोण को पेश किया। एक टीईडीएक्स कार्यक्रम स्वतंत्र रूप से आयोजित टीईडी कार्यक्रम है।

वक्ताओं की सूची में डॉ. अजय कुमार - संसद सदस्य, जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, श्री एन. के. चौधरी - जयपुर रग्स के संस्थापक, श्री मार्क जोसफ इंग्लिस - पर्वतारोही (न्यूजीलैंड से दोहरे एम्प्युटी), अनुसंधानकर्ता, वाइनमेकर और प्रेरक वक्ता, श्री फ्रान्ज गास्ट्लेर - "युवा" (एक गैर-सरकारी संगठन) के संस्थापक, सुश्री उर्वशी बुटालिया - इन्डियन फेमिनिस्ट एंड इतिहासकार एवं ''काली फॉर वुमेन''- भारत के प्रथम नारीवादी प्रकाशन संस्था की निदेशक और सह-संस्थापक, श्री नलिन कोहली - भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और एक शिक्षाविद, सुश्री ऐश्वर्या नटराजन - ब्रिटिश काउंसिल का लोकप्रिय 'यंग क्रियेटिव म्यूजिक अवार्ड' विजेता, सुश्री पार्वती मेनन - एमडी, इनोवेशन अल्केमी, श्री महेश नायक - आर्गेनिक आर्किटेक्ट, सुश्री स्वेता मंगल - सह-संस्थापक एवं सीईओ, दि डायल 1298 फॉर एम्बुलेंस प्रोजेक्ट, स्वामी स्मरानानन्द गिरी, योगोदा सत्संग ऑफ इंडिया के महामंत्री और प्रेमलता अग्रवाल शामिल थे।

प्रबंधन विकास कार्यक्रम (मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम)

लीन सिक्स सिग्मा येल्लो बेल्ट ट्रेनिंग

"लीन सिक्स सिग्मा येल्लो बेल्ट ट्रेनिंग" पर एक दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन 4 - 5 अगस्त 2011 को होटल रैडिसन ब्लू, राँची में किया गया।

इस कार्यक्रम को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से बहुत ही बढ़िया प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और इसमे विभिन्न कम्पनियों जैसे सेंट्रल कोल फील्डस लि. (सीसीएल), सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाईन इंस्टिट्यूट लि. (सीएमपीडीआई), स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआईएल), बोकारो स्टील प्लांट, महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (एमएनआरईजीए), टाटा स्टील, बैंकिंग और प्रिंट मीडिया सेक्टर ने भाग लिया।

एडिन्बर्ग नेपियर विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल में ऑपरेशनस एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट के व्याख्याता डॉ. मनीष कुमार ने पाठ्यक्रम संयोजक की भूमिका का निर्वहन किया। उनके अन्य डिग्रियों में शामिल हैं: ग्लासगो कैलेडोनियन विश्वविद्यालय से मास्टर्स इन रिसर्च (2005) और मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग राँची विश्वविद्यालय, भारत से बी.टेक (2004)। वे एएसक्यू, ईयूआरओएमए, सीएमआई, आईएसपीक्यूआर, और बीएएम के सक्रिय सदस्य है।

कार्यशाला का लक्ष्य संसाधनों के बेहतर उपयोग और इनवेंटरी मैनेजमेंट के माध्यम से एग्जीक्यूटिवस को प्रशिक्षित करते हुए उनके कार्यक्षमता में सुधार लाना था। सिक्स सिग्मा एक अच्छी तरह से स्थापित प्रक्रिया है, जो व्यवसाय में कमियों, गलतियों या असफलताओं को पहचानने और उन्हें निर्मूल करने पर जोर देता है, और इसके लिए वह उन प्रक्रियाओं के प्रदर्शन के गुणों पर ध्यान केन्द्रित करता है, जो ग्राहकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। लीन स्ट्रेटेजी पहले से आजमाये हुए उपकरणों और तकनीकों का एक समुच्चय प्रदान करता है, जो समय, इनवेंटरी, सेट-अप टाइम, उपकरण के रूकने का समय, स्क्रैप, पुनर्निमाण और कारखाने में छिपे हुए अन्य कूड़ा-कचड़ा को खोजने में लगने वाले समय को कम करता है। दो सिस्टम को एकीकृत कर दोनों सिस्टमों द्वारा अकेले कार्य करने की तुलना में बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। जबकि, लीन स्ट्रेटेजी संस्था में बेकार और गैर-उत्पादक गतिविधियों के उन्मूलन में सहायता करता है, वहीं सिक्स सिग्मा सांख्यिकीय उपकरणों और तकनीकों के माध्यम से किसी संस्था की कार्यक्षमता और योग्यता को सुधारने में सहायता करता है।

परामर्शी परियोजनाएं

एमईसीओएन

आईआईएम राँची और एमईसीओएन ने सहयोग के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया, जिसके अनुसार आईआईएम राँची एमईसीओएन के नॉलेज पार्टनर (सहयोगी) के रूप में एमईसीओएन के विभिन्न गतिविधियों में उसे सहयोग प्रदान करेगा। सामान्य और क्रियात्मक प्रबंधन क्षेत्रों के अंतर्गत इस सहयोग संन्धि में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का समावेश होगा। परियोजना टीम में डॉ. एम जे जेवियर और डॉ. जी. आर. चंद्रशेखर शामिल हैं।

झारखण्ड सरकार के पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग ने दो परामर्शी परियोजनाएं प्रदान की है।

पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग का जीर्णोद्धारः प्रथम परियोजना विभाग के कार्यप्रणाली को इस प्रकार से सुधारने पर केन्द्रित है कि यह विभाग उच्च प्रदर्शन करने वाली संस्था के रूप में उभरे। परियोजना का तैयार करने की दिशा में निर्देशित हैंः (1) एक समग्र एचआर नीति निर्माण की दिशा में केन्द्रित करना जिसमें कार्य के प्रोत्साहन से जुड़े सभी मुद्दें, जैसे पदोन्नति, कैरियर डेवलपमेंट, ट्रान्सफर और प्रदर्शन प्रबंधन (2) एक प्रशिक्षण नीति जो कर्मचारियों के मानसिकता में परिवर्तन का सूत्रपात कर सके और (3) एक सुझाव योजना ताकि संस्था में प्रक्रिया और डेलिवरी से जुड़े हुए सुधारों को लागू किया जा सके।

पेयजल के प्रभाव का निर्धारणः दूसरी परियोजना केंद्रीय स्पॉन्सर्ड नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वाटर प्रोग्राम (एनआरडीडब्ल्यूपी) और टोटल सैनिटेशन केंम्पैन (टीएससी) है जिसका उद्देश्य झारखण्ड राज्य में स्वच्छता और पेयजल की उपलब्धता और उपयोग की गति के निर्धारण पर केन्द्रित है। यह अध्ययन पेयजल कार्यक्रम और स्वच्छता केंम्पैन का स्वास्थ्य, शिक्षा, लिंग सशक्तिकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समावेशन पर प्रभावों का भी अध्ययन करेगी। अंततः यह अध्ययन समय के साथ इस व्यवस्था के टिकाउपन और स्थायित्व और पेयजल के उपयोग और स्वच्छता सुविधाओं का निर्धारण करने का प्रयत्न करेगा। आईआईएम राँची के परियोजना टीम में प्रोफेसर एम जे जेवियर, प्रोफेसर सुबीर वर्मा और प्रोफेसर अमित सचान शामिल हैं।

जिला और प्रखंड स्तर के अधिकारीयों को प्रशिक्षण

झारखण्ड सरकार ने आईआईएम राँची को एक परियोजना सौंपी है, जिसके अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा विभाग के जिला और प्रखंड दोनों स्तर पर लगभग 100 अधिकारियों को अपने कार्यों की योजना बनाने, उसे व्यवस्थित करने और क्रियान्वित करने के लिए प्रशिक्षित करना है। इन अधिकारियों के विभिन्न कार्यों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, विद्यालय, शिक्षकों के सेवाओं की शर्तो के साथ-साथ अन्य प्रमुख योजनाओं का प्रबंध करना भी शामिल है।

नियत कार्य के लिए दृष्टिकोण कार्यक्रम की रूपरेखा का निर्धारण झारखण्ड राज्य के प्राथमिक शिक्षा विभाग की मुख्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए हमने दो चरणों में कार्यक्रम को प्रस्तावित किया है।

परियोजना का संचालन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण मे आवश्यकता निर्धारण अध्ययन और द्वितीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम की डेलिवरी होगी।

जो टीम इस आवश्यकता निर्धारण अध्ययन का संचालन करेगी, उसमें प्रोफेसर अमरेन्दू नंदी, प्रोफेसर जी आर चंद्रशेखर और प्रोफेसर एम जे जेवियर शामिल होंगे।

राँची के विषय में

परम्पराओं का शहर

राँची झारखंड राज्य की राजधानी है और भारत के राष्ट्रीय खनिज संसाधनों का लगभग अठारह प्रतिशत भाग इस शहर में स्थित हैं। यह छोटानागपुर घाटी में समुद्र तल से लगभग 2,150 फीट की ऊँचाई पर स्थित हैं। एक परिपूर्ण चित्र के समान यहाँ झरने, पहाड़ियां, और हरी-भरी घाटियाँ स्थित हैं। अपने शांत और मनोरम वातावरण और ऐतिहासिक महत्व के विभिन्न आकर्षणों ने इसे एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया हैं।

राँची अपने प्राकृतिक परिवेश और स्फूर्तिदायक पहाड़ी हवा के कारण तत्कालीन विहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी और स्वास्थ्य रिसॉर्ट हुआ करता था। भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, राँची का निरंतर विकास होता रहा और इस शहर में तथा इसके आस-पास अनेकों औद्योगिक कल-कारखानें स्थित थे। वर्तमान समय में, यह झारखण्ड और अधिकांश पूर्वी भारत का वाणिज्यिक और व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है और अन्य दो औद्योगिक टाउनशिप जमशेदपुर और बोकारो के साथ मिलकर यह झारखण्ड राज्य के औद्योगिक संरचना को पूर्ण करता हैं।

यह झारखंड के सभी कोनों और पड़ोसी राज्यों से आये हुए मेहनती और उद्यमी लोगों का शहर है। हमेशा औद्योगिक केंद्र के रूप में विख्यात शहर, हाल के वर्षों में सेवा उद्योग में तीव्र विकास का गवाह भी रहा है, जिसमें विपणन, मीडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि शामिल हैं। देश की अर्थव्यवस्था के भविष्य के महाशक्ति के रूप में राँची की क्षमता को उद्योग और सरकार द्वारा समान और विधिवत रूप से मान्यता दी गई है, और रांची दोनों क्षेत्रों से महत्वपूर्ण निवेश प्राप्त कर तेजी से एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। आगामी भारतीय शहरों के बीच सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार सृजन में सबसे अधिक विकास दर प्राप्त करने की अपनी उपलब्धि पर गर्व करते हुए, राँची अपने लोगों की गतिशीलता के कारण एक धमाकेदार शहर के रूप में जबरदस्त परिवर्तन का साक्षात्कार किया है और यह भारत के भविष्य का शहर है।

इस शहर का नामकरण स्थानीय पक्षी 'रिन्ची' के नाम पर किया गया है, जो मुख्य रूप से राँची के 'पहाड़ी मंदिर' के आस-पास पाई जाती हैं।

छोटानागपुर पठार के दक्षिणी भाग में स्थित, राँची प्रचुर मात्रा में स्पृहणीय प्राकृतिक सुंदरता और सुरम्य वातावरण से संपन्न है। यहाँ अनेक 'जलप्रपात और झीलें' है। अपनी पहाड़ी स्थलाकृति के कारण, यहाँ की जलवायु वर्ष भर सुखद रहती है।

राँची को प्राकृतिक ने बहुतायत में खनिज संसाधनों का वरदान दिया है और इसी कारण इसे पूर्व के 'मैनचेस्टर' के रूप में जाना जाता है।

राँची अच्छी तरह से मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलूर और चेन्नई जैसे अन्य मेट्रो शहरों से जुड़ा हुआ है।

रांची परंपराओं का नगर

IIM
RANCHI
बहुमुखविकासो गन्तव्यः

भारतीय प्रबंध संस्थान राँची
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT RANCHI

Suchana Bhawan
Audrey House Campus
Meur's Road
Ranchi 834008
Jharkhand

Tel: 0651-2280083
Fax: 0651-2280940
www.iimranchi.ac.in

www.orangemediaindia.com, Mobile:8002142381